देश का Darpan News TV
FW FASTWAY
Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें

दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

वर्ष-5, अंक: 99 | जयपुर रविवार ,19 अक्टूबर 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अख़बार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे

सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

# अब पाकिस्तान की एक-एक इंच जमीन ब्रह्मोस की पहुंच में

**लखनऊ**
चार ब्रह्मोस मिसाइल की खेप को भारतीय सेना को सौंपने के लिए रवाना करने के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आयोजन स्थल पर मौजूद लोगों को संबोधित किया। लखनऊ यूनिट में तैयार ब्रह्मोस मिसाइल को राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ डिलीवरी के लिए रवाना किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अवसर पर कहा कि भारत अब टेकर नहीं गिवर की भूमिका निभा रहा है। कई देश भारत के साथ तकनीकी सहयोग में रुचि रखते हैं। पिछले एक महीने में ब्रह्मोस टीम ने दो देशों के साथ चार हजार करोड़ के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। अब तो बहुत जल्दी कई देशों के रक्षा विशेषज्ञ लखनऊ आयेंगे।

जल्द ही लखनऊ को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में विश्व मानचित्र पर चलते देखेंगे। उन्होंने कहा कि देश के लिए इससे बड़ा धनतेरस क्या हो सकता है। अब तो हमारी सुरक्षा के साथ-साथ इकोनामी पर भी मां लक्ष्मी की कृपा बरस रही है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ की ब्रह्मोस इकाई का सालाना टर्न ओवर अगले वित्तीय वर्ष में तीन हजार करोड़ रुपए होगा। इससे जीएसटी कलेक्शन पांच सौ करोड़ रुपए आएगा। ब्रह्मोस एक हथियार नहीं है, यह तो बच्चों के लिए शिक्षा और हेल्थ केयर के अवसर का रास्ता खोलेगा।

ब्रह्मोस मिसाइल के उत्पादन से होने वाली जीएसटी की आय से कई स्कूल और अस्पताल बन सकेंगे। इस अवसर पर रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने ब्रह्मोस के सिमुलेटर के प्रदर्शन को भी देखा। उन्होंने कहा कि ब्रम्होस से एमएसएमई सेक्टर को बूम मिलेगा और रक्षा सेक्टर में बड़ी कंपनियों के आने से प्रदेश में बेहतर माहौल बनेगा।



## ब्रह्मोस स्वदेशी शक्ति का प्रतीक

रक्षा मंत्री ने ब्रह्मोस की क्षमताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्रह्मोस सिर्फ एक मिसाइल नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती स्वदेशी ताकत का प्रतीक है। यह परंपरागत वॉरहेड, उन्नत गाइडेड सिस्टम और सुपरसोनिक गति के साथ लंबी दूरी तक सटीक प्रहार करने में सक्षम है। गति, सटीकता और शक्ति का यह अनूठा संयोजन ब्रह्मोस को विश्व की सर्वश्रेष्ठ मिसाइल प्रणालियों में शुमार करता है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि ब्रह्मोस आज भारतीय थलसेना, नौसेना और वायुसेना–तीनों की रीढ़ बन चुका है।

**ऑपरेशन सिंदूर ने ब्रह्मोस के प्रति पैदा किया विश्वास**
उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि आज का अवसर केवल एक लॉन्चिंग इवेंट नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश देने वाला क्षण है कि भारत अपने सपनों को हकीकत में बदलने की ताकत रखता है।

## पांच महीनों की तेज रफ्तार

राजनाथ सिंह ने कहा कि 11 मई 2025 को इस आधुनिक सुविधा का उद्घाटन हुआ था और मात्र पांच महीनों में ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप तैयार होकर डिलीवर हो रही है। मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि जिस गति और दक्षता से यह कार्य पूरा हुआ है, वह केवल रिकॉर्ड ही नहीं, बल्कि लखनऊ और उत्तर प्रदेश की विश्वसनीयता का भी प्रमाण है। आज ब्रह्मोस की विश्वसनीयता के साथ-साथ लखनऊ की पहचान भी और अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने इस परियोजना के लिए हर संभव सहयोग और समर्थन दिया।

**पीक टाइम में सैकड़ों रोजगार देगी यूनिट**
उन्होंने कहा कि यह सुविधा करीब 200 एकड़ में फैली हुई है और लगभग 380 करोड़ रुपए की लागत से तैयार की गई है। पीक टाइम पर सैकड़ों लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा, जबकि अनुमान है कि यहां से प्रतिवर्ष लगभग 100 मिसाइल सिस्टम थलसेना, वायुसेना और नौसेना को उपलब्ध कराए जाएंगे।

# बंगाल शिक्षक भर्ती घोटालाः सीबीआई ने खोला काला चिट्ठा

**कोलकाता**
सीबीआइ ने बंगाल में 2014 से 2021 के बीच हुए शिक्षा विभाग के भर्ती घोटाले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी व उनके पांच साथियों का कोर्ट में काला चिट्ठा खोला है। जांचकर्ताओं ने इस बाबत कई गवाहों के लिखित बयान पेश किए है, जिन्होंने बताया कि पार्थ ने पांच लोगों को टीम बनाकर घोटाले को अंजाम दिया था। सीबीआइ ने बताया कि घोटाला 2014 में सुबीरेश भट्टाचार्य के स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के चेयरमैन रहते शुरू हुआ था। सुबीरेश के कार्यकाल में शिक्षक भर्ती परीक्षा में ओएमआर शीट परीक्षकों को पेंसिल से मूल्यांकन करने का निर्देश दिया गया।

# भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की होगी भारत वापसी

## अदालत ने गिरफ्तारी को वैध माना पीएनबी घोटाले में है वांछित



**नई दिल्ली**
एंटवर्प की एक अदालत ने भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण को शुक्रवार को मंजूरी दे दी और कहा कि भारत के अनुरोध पर बेल्जियम के अधिकारियों द्वारा मेहुल की गिरफ्तारी वैध थी। घटनाक्रम से अवगत अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मेहुल के पास बेल्जियम के हाई कोर्ट में इस फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, आदेश हमारे पक्ष में आया है। अदालत ने भारत के अनुरोध पर बेल्जियम के अधिकारियों द्वारा की गई मेहुल की गिरफ्तारी को वैध करार दिया है। इस मामले में मजबूती से पक्ष रखने में विदेश मंत्रालय और सीबीआइ के भारतीय अधिकारियों ने बेल्जियम के अभियोजकों को मदद की।

**'बना हुआ है फरार होने का खतरा'**
अधिकारियों ने बताया कि अभियोजकों ने अदालत को बताया कि उसके फरार होने का खतरा बना हुआ है और उसे जेल से रिहा नहीं किया जा सकता। सितंबर में हुई सुनवाई के दौरान बेल्जियम के अभियोजकों और चोकसी के बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची कि उसकी गिरफ्तारी वैध थी।

# हवाईअड्डों पर अधिकारियों को मौजूदा कानूनों के प्रति संवेदनशील बनाने की जरूरतः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर काम करने वाली क्षेत्रीय एजेंसियों के लिए यह बेहद जरूरी है कि वे अपने अधिकारियों को मौजूदा कानूनों के बारे में पहले से ही संवेदनशील बनाएं, खासकर तब जब वे किसी अंतरराष्ट्रीय यात्री को हिरासत में लेने या गिरफ्तार करने जैसा गंभीर कदम उठाने जा रहे हों। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने यह टिप्पणी उस समय की, जब उन्होंने प्रवासी भारतीय (एनआरआई) रॉकी अब्राहम की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। अब्राहम पिछले बीस वर्षों से इटली में बसे भारतीय नागरिक हैं। जनवरी 2025 में अब्राहम को दिल्ली हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था। उस पर आरोप था कि वह अपने सामान में हिरण की सींग लेकर जा रहे थे, जो कि वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत प्रतिबंधित है। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बैग से सींग बरामद होने के बाद उसके खिलाफ इस अधिनियम की धारा 39, 49 और 51 के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी और उसे गिरफ्तार कर लिया था। अब्राहम करीब दो हफ्ते तक हिरासत में रहे। इसके बाद उन्हें कड़ी शर्तों के साथ जमानत मिली, जिसमें भारत छोड़ने पर प्रतिबंध भी शामिल था।



# सोशल मीडिया के जरिए यात्रियों में भ्रम फैलाने वालों पर रेलवे सख्त

**नई दिल्ली**
**त्योहारों** के इस व्यस्त मौसम में सोशल मीडिया पर रेलवे से जुड़ी पुरानी या भ्रामक वीडियो साझा कर यात्रियों में भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ रेलवे प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। रेलवे ने शनिवार को बताया कि ऐसे 20 से अधिक सोशल मीडिया हैंडल्स की पहचान की गई है, जो पुराने या झूठे वीडियो प्रसारित कर रहे थे। इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि किसी भी तरह की गलत सूचना या अफवाह फैलाने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

# स्टार्टअप्स मामले में भारत ने ब्रिटेन को पछाड़ा



**नई दिल्ली**
भारतीय मूल के पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने दावा किया है कि तेजी से आगे बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था में स्टार्टअप्स की संख्या ने ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया है। ऐसा माहौल देने का पूरा श्रेय पीएम नरेन्द्र मोदी को जाता है।

**वैश्वीकरण की संभावनाएं धूमिल पड़ रही हैं- सुनक**
यहां एक चैनल के कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अपने संबोधन में पूर्व ब्रिटिश पीएम ने कहा कि मेरे अच्छे मित्र पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के युवा नेता देश के भविष्य को तेजी से आकार दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस पीढ़ी से मैं आता हूं, वे दिन अब गुजर चुके हैं और शायद ही कभी लौटें। वैश्वीकरण की संभावनाएं धूमिल पड़ रही हैं और देश घरेलू लचीलेपन को बढ़ावा देने के लिए टैरिफ को फिर से हथियार बना रहे हैं। अब सारा फोकस मल्टी पोलैरिटी और घरेलू क्षमता विकास पर है।

**आत्मनिर्भरता के साथ खुला सहयोग ही संतुलन का मंत्र है**
उन्होने कहा कि आत्मनिर्भरता के साथ खुला सहयोग ही संतुलन का मंत्र है और इस मामले में दुनिया को भारत से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत ने संतुलन स्थापित करते हुए तेजी से विकास किया है और ग्लोबल साउथ का मुखिया बन गया है। सुनक ने कहा कि भारत में अरबों डालर के स्टार्टअप्स खुल रहे हैं, जो उद्यमशीलता को रफ्तार दे रहे हैं। इनके चलते भारत यूनिकार्न की संख्या के मामले में ब्रिटेन को पीछे छोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीक से लेकर ऊर्जा तक, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से सौर ऊर्जा तक, भारत की प्रगति देश के ध्ढ़ संकल्प का प्रमाण है।

# ड्रग्स तस्करी में 'मास्टरमाइंड तो कभी पकड़ा नहीं जाताः कोर्ट

## सुप्रीम कोर्ट ने भारत में बढ़ती नशीली दवाओं की दुर्भाग्यपूर्ण वास्तविकता पर सवाल उठाया

सुप्रीम कोर्ट ने पाया है कि अवैध नशीले पदार्थों और मादक पदार्थों के तस्करी और निर्माण से संबंधित मामलों में छोटे खिलाड़ी अक्सर गिरफ्तार होते हैं, जबकि असली मास्टरमाइंड और सप्लायर पर्दे के पीछे बने रहते हैं। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने शुक्रवार को भारत में बढ़ती नशीली दवाओं की समस्या की दुर्भाग्यपूर्ण वास्तविकता पर सवाल उठाया, यह बताते हुए कि कितने असली मास्टरमाइंड वास्तव में पकड़े गए हैं और कितने मादक पदार्थों के स्त्रोतों को प्रभावी रूप से खोजा गया है।



**एनडीपीएस मामलों में, कभी भी मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी नहीं होती- कोर्ट**
जस्टिस सुंदरेश ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि "एनडीपीएस मामलों में, कभी भी मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी नहीं होती। वे पीछे रहते हैं, स्पष्ट है, ए, बी, सी, और डी पकड़े जाएंगे। कितने मामलों में मास्टरमाइंड पर आरोप लगाए गए हैं? कितने स्त्रोतों को खोजा गया है? यह अवैध पदार्थ कहां से आया?"

सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियां उस समय आईं जब उन्होंने एक गुरजीत सिंह द्वारा दायर जमानत याचिका की सुनवाई की, जिसे पंजाब के लुधियाना में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा मेथामफेटामाइन के बड़े पैमाने पर निर्माण और अंतरराष्ट्रीय तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

**गुरजीत सिंह की जमानत याचिका को खारिज की**
फरवरी, 2024 में दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरजीत सिंह की जमानत याचिका को खारिज करते हुए अवलोकन किया कि रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री ने उसे एक संगठित अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के हिस्से के रूप में मेथामफेटामाइन के निर्माण और तस्करी में संलग्न किया।

# गुजरातः दो गुटों के बीच हिंसक झड़प, 30गाड़ियां फूंकी,10 घायल




## पुलिस ने 110-120 लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला। 30 से ज्यादा गाड़ियां फूंकी और मचाई तोड़फोड़, 10 लोग घायल

**नई दिल्ली**
गुजरात के साबरकांठा में 2 गुटों के बीच अचानक झड़प हो गई। इस दौरान इलाके में हिंसा छिड़ गई और आगजनी की घटनाएं देखने को मिली। कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया। वहीं,इस हिंसक झड़प में 10 लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने फौरन एक्शन लेते हुए 20 लोगों को हिरासत में लिया है। यह मामला साबरकांठा के माजरा गांव का है। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत के दौरान डीवाईएसपी अतुल पटेल ने बताया कि रात को तकरीबन 10:30 बजे पत्थरबाजी और आगजनी के साथ-साथ तोड़फोड़ की गई, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल पैदा हो गया था।

**पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**
अतुल पटेल के अनुसार, "बीती रात 10:30 बजे माजरा गांव में आगजनी और पथराव की घटना हुई।

पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इसमें लगभग 110-120 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।" अतुल पटेल ने बताया- इस हिंसक झड़प में 20 से अधिक दो पहिया वाहन और 10 से अधिक चार पहिया वाहनों के साथ तोड़ फोड़ की गई। वहीं, कई घरों की खिड़कियां भी तोड़ दी गईं। इस घटना में 10 लोग घायल हैं। पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है।

# पहाड़ों में बर्फबारी से दिल्ली समेत यूपी-बिहार में बढ़ेगी ठंड



**नई दिल्ली**
उत्तर पश्चिम मानसून की विदाई के बाद जहां सर्द हवाओं ने उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में डेरा जमाना शुरू कर दिया है, तो वहीं दक्षिण भारत में उत्तर पूर्व मानसून की एंट्री हो चुकी है। ऐसे में मौसम विभाग ने तमिलनाडु समेत कई राज्यों में अगले 7 दिन तक भारी वर्षा की संभावना जताई है।

तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में 7 दिन तक झमाझम बारिश होगी। वहीं, अरब सागर पर कम दबाव का क्षेत्र बनने की आशंका है, जो चक्रवात का रूप ले सकता है। यह कम दबाव का क्षेत्र उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ते हुए और भी मजबूत होगा।

**बारिश का येलो अलर्ट जारी**
मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सकुर्लेशन और उत्तर पूर्व मानसून के कारण कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र के दक्षिणी हिस्से, केरल, तेलंगाना और तमिलनाडु में भारी से बहुत भारी बारिश देखने को मिल सकती है। इसके अलावा लक्षद्वीप और पुडुचेरी पर भी इसका प्रभाव होगा। मौसम विभाग ने इस सभी जगहों पर बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

दक्षिण भारत में बदलते मौसम का असर मध्य प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों पर भी हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, आज एमपी के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं, ओडिशा में 19-20 अक्तूबर को बिजली गिरने के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

पहाड़ों पर बढ़ेगी ठंड
क्टऊ के अनुसार, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में 30 अक्तूबर तक बादलों की आवाजाही जारी रहेगी। इस बीच कुछ इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी भी देखने को मिल सकती है। खासकर उत्तराखंड में अगले दो दिन तक बिजली चमकने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इससे पहाड़ी राज्यों के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा सकती है।

**दिल्ली में कैसा रहेगा मौसम ?**
दिल्ली समेत आसपास के क्षेत्रों में हल्के कोहरे के साथ धुंध रहने की संभावना है। आज पूरे दिन तापमान 18-34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। उत्तर पश्चिम की ओर से आने वाली ठंडी हवाएं गुलाबी ठंड के एहसास को बढ़ा सकती हैं। वहीं, बढ़ती ठंड के साथ दिल्ली की खराब हवा भी परेशानी का सबब बन सकती है।

# हल्के टैंक जोरावर से नाग मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली**
भारत के स्वदेशी हल्के टैंक से एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) नाग एमके द्वद्व का परीक्षण किया किया गया है। यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। इस टैंक को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है तथा इसका निर्माण लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड ने किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ ने टैंक द्वारा मिसाइल के सफल प्रक्षेपण पर डीआरडीओ को बधाई दी है। रक्षा मंत्री के कार्यालय ने कहा है कि महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए डीआरडीओ ने नाग एमके द्वद्व फायरिंग क्षमता का प्रदर्शन करके हल्के टैंक के विकास में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। रेंज, गतिशीलता और सटीकता सहित सभी प्रदर्शन लक्ष्य हासिल कर लिए गए।



# मतदान के दिन सभी कर्मचारियों को मिलेगी सवैतनिक छुट्टीः चुनाव आयोग

**नई दिल्ली**
बिहार विधानसभा चुनाव और कई राज्यों में उपचुनाव के लिए होने वाले मतदान के दिन कर्मचारियों को सवैतनिक छुट्टी दी जाएगी। यह आदेश चुनाव आयोग ने जारी किया है, ताकि हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। चुनाव आयोग ने बताया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135बी के तहत किसी भी निजी, व्यापारिक, औद्योगिक या अन्य संस्थान में काम करने वाले हर उस व्यक्ति को, जो मतदान का हकदार है, चुनाव वाले दिन सवैतनिक छुट्टी देना जरूरी है। इस दिन वेतन में किसी तरह की कटौती नहीं की जा सकती। अगर कोई नियोक्ता इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उस पर जुमार्ना लगाया जा सकता है। आयोग ने बताया कि जो लोग अपने क्षेत्र से बाहर काम करते हैं, लेकिन उनका नाम उस विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में है जहां चुनाव हो रहे हैं, उन्हें भी मतदान के दिन सवैतनिक छुट्टी मिलेगी ताकि वे वोट डाल सकें।

यह सुविधा अस्थायी और दैनिक

# शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के आधार हैं सेक्टर पदाधिकारी: जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी, सिवान डॉ आदित्य प्रकाश

सीवन संवाददाता मसरूर अहमद

सिवान,18अक्टूबर 2025 शनिवार को डॉ अंबेडकर भवन, सिवान के संवाद कक्ष में बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 के निमित्त सिवान जिला अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारीगण का प्रशिक्षण दो सत्र में आयोजित किया गया। सेक्टर ऑफिसर प्रतिनियुक्ति के साथ ही सीधे चुनाव आयोग के अधीन हो जाते हैं- सामान्य प्रेक्षक सेक्टर पदाधिकारीगण का दो सत्र में प्रशिक्षण डॉ अंबेडकर भवन के संवाद कक्ष में आहूत किया गया सेक्टर पदाधिकारी का कार्य निर्वाचन प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका दायित्व सबसे पहले शुरू होकर अंत तक रहता है। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी सिवान डॉ आदित्य प्रकाश ने आज दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को डॉ अंबेडकर भवन के संवाद कक्ष में आयोजित सेक्टर पदाधिकारीगण के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही।

. प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित 105- सिवान एवं 106-जीरादेई के लिए प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी चुनाव की धुरी हैं तथा क्षेत्र में आप ही भारत निर्वाचन आयोग एवं प्रशासन की आंखऔर कान हैं ।

**वलनरेबल क्षेत्र और क्रिटिकल बूथ की करें पहचान**

सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि सबसे पहले आपको वलनरेबल क्षेत्र और क्रिटिकल बूथ की पहचान करनी है। इसके लिए उन्होंने विभिन्न मापदंड को विस्तार से बताया गया। कहा गया कि आपके पास आवंटित किए गए बूथों का नजरी नक्शा, रूटचार्ट और कम्युनिकेशन प्लान होना चाहिए। उपस्थित सेक्टर पदाधिकारी से प्रश्न पूछ कर उनकी तैयारी की भी समीक्षा सामान्य प्रेक्षक के द्वारा की गई।

सभी प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र केअंतर्गतआने वाले मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर भौतिक



सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान ए एम एफ और पहुंच पथ की अद्यतन स्थिति की जानकारी देने का निर्देश दिया गया। अपने क्षेत्र के इलाके का भ्रमण करते हुए आसूचना एकत्र कर भेद्यता मानचित्रण के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया गया।

प्रदान किए गए फॉर्मेट में स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

बताया गया कि इसके आधार पर ही कार्रवाई होती है और अर्द्ध सैनिक व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाती है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आपसे यह अपेक्षा की जाती है कि आपको मॉडल कोड आफ कंडक्ट की पूर्ण जानकारी है। ताकि क्षेत्र में उसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जा सके।

**निहित होती है मजिस्ट्रेट की शक्ति**

जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न करने के लिए सेक्टर पदाधिकारी प्रथम आधार होते हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव के पूर्व आप सभी को मजिस्ट्रेट की शक्ति प्राप्त हो जाती है। लॉ एंड ऑर्डर का संधारण भी आपकी जिम्मेदारी होती है।

उन्होंने क्या करें और क्या ना करें पर विस्तार से प्रकाश डाला।

बताया गया कि ईवीएम की सुरक्षा से लेकर टैग बूथों के पोलिंग पार्टी के मतदान केंद्र तक पहुंचने, बूथ पर मॉक पोल से लेकर, सीलिंग, वास्तविक पोल, विभिन्न घोषणा आदि आपकी निगरानी में होना है।

पोल्ड ईवीएम के वज्रगृह में जमा होने और आपको मिले रिजर्व ईवीएम आवश्यकता पड़ने पर मशीन को बदलना और तत्काल उसकी रिपोर्टिंग करना भी आपकी जवाबदेही है। आपको ईवीएम का परिचालन भी ठीक ढंग से समझ लेना चाहिए ।

**पीपीटी के माध्यम से समझाया गया कार्य एवं दायित्व**

नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग उपेंद्र प्रसाद यादव ने पीपीटी के माध्यम से नियुक्ति से लेकर चुनाव पूर्व, चुनाव वाले दिन और चुनाव समाप्ति तक सभी कार्यों को बेहद सूक्ष्मता से समझाया। उन्होंने प्रदान किए गए किट और उसमें मौजूद विभिन्न प्रपत्र की उपयोगिता और उसे भरने के तरीके को गहनता से समझाया।

## देश और प्रदेश की सरकारें कर रही हैं किसान हित में कार्य: डॉ. गोपाल शर्मा

**जयपुर। मुख्यमंत्री किसान** सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत शनिवार धनतेरस के शुभ अवसर पर नदबई भरतपुर में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने किसानो को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की चतुर्थ किश्त की राशि डीबीटी के माध्यम से प्रति कृषक 1000 राशि हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का जिला स्तरीय समारोह वी.सी. के माध्यम से जिला परिषद् जयपुर के सभागार में आयोजित हुआ ।

इस दौरान जयपुर जिले के 3 लाख 25 हजार 250 किसानों को 32 करोड़ 52 लाख 50 हजार की राशि हस्तांतरित की गई।

इस अवसर शुभ अवसर पर सिविल लाईन्स विधायक डॉ. गोपाल शर्मा ने दीपोत्सव की सभी किसान भाइयों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस देश और प्रदेश में किसान हीतैषी सरकारे कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से कहा कि वे अपनी समस्याओं से राज्य सरकार को अवगत कराए ताकि उनका समाधान समय रहते कृषक हित में किया जा सकें।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर जयपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर जयपुर उत्तर मुकेश कुमार मूण्ड सहित अन्य जनप्रतिनिधि व कृषक उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर के नदबई में

**भरतपुर/जयपुर, 18 अक्टूबर। मुख्यमंत्री श्री** भजनलाल शर्मा ने शनिवार को भरतपुर जिले के नदबई में बनने वाले राजकीय जिला अस्पताल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अस्पताल की निर्माण लागत लगभग 50.88 करोड़ रुपये होगी और आईपीडी मरीजों के लिए यहां 150 बेड उपलब्ध होंगे। अस्पताल के निर्माण से स्थानीय लोगों को घर के नजदीक ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

इस दौरान जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम कुमार दक, गृह राज्यमंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक श्री जगत सिंह, श्री बहादुर सिंह, डॉ. शैलेश सिंह, डॉ ऋतु बनावत, सुश्री नौक्षम सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## नून नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत,22 घंटे के बाद पानी से मिला शव

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

**पातेपुर थाने की बहुआरा** गांव स्थित नून नदी में डूबने से एक 40 वर्षीय व्यक्ति की जान चली गई।इस घटना के विरोध में ग्रामीणों ने कुछ घंटों के लिए ताजपुर महुआ मुख्यमार्ग को हम कर यातायात को बाधित भी किया।बाद में समझने बुझनेवक बाद यातायात को लोग चालू होने दिया।शव को ढूंढने में एसटीआरएफ के जवानों को छह घंटे तक काफी मशक्कत करनी पड़ी।तब के जाकर पानी से शव को बाहर निकाला गया।हालांकि यह घटना बीते देर शाम की बताई गई है।उस समय अधिक अंधेरा होने के कारण घर वालों को शव का पता नहीं चला।ग्रामीणों की ओर से शव खोजने के लिए पानी में डुबकी भी लगाई गई।लेकिन शव का कोई आता पता नहीं चल पाया।इस घटना की सूचना अंचलाधिकारी प्रभात कुमार को दी गई।उन्होंने जिले से एसडीआरएफ की टीम को बुलवाई।वह टीम राजस्व अधिकारी सुरेंद्र पासवान की देख रेख में तलाशी अभियान शुरू कर दिया।घटनास्थल से दो किलोमीटर तक एसटीआरएफ के जवान छह सात घंटे तक प्रयास किया।तब जाकर शव को पानी से बाहर किया।मिली खबर के अनुसार मृतक पानी में स्नान के लिए गया था।पानी में तैर नहीं सका।वह गहरे पानी में चला गया और वह डूब गया।उस समय उसे डूबते किसी ने नहीं देखा था।बाद में जब वह घर नहीं पहुंचा तो किसी ने उसके घरवालों को बताया कि वह नदी में स्नान कर रहा था।मृतक पातेपुर थाने की बहुआरा गांव के पथर सदा के पुत्र रंजीत सदा के रूप में पहचान की गई है।शव मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की प्रक्रिया में लग गई थी।ग्रामीणों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार शरीर से विकलांग था।

## डीएम एसपी के साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।




**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सीवन जिले में आज दिनांक** 18 अक्टूबर 2025 को आगामी बिहार विधानसभा निर्वाचन की तैयारी के संबंध में विभिन्न निर्वाचन संबंधी कोषांगों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक सभी सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक के संयुक्त पर्यवेक्षण में, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सिवान तथा पुलिस अधीक्षक सिवान की उपस्थिति में संपन्न हुई।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सिवान के द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए की जा रही तैयारी की विस्तृत जानकारी प्रेक्षक महोदयगण को दी गई।

बैठक में प्रेक्षकों द्वारा सभी कोषांगों के कार्यों की समीक्षा की गई तथा संबंधित वरिष्ठ एवं नोडल अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई।

साथ ही, आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।

बैठक में सभी निवार्ची पदाधिकारी, सभी अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी तथा सभी कोषांगों के वरीय एवं नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रेक्षकों ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आपस में समन्वय स्थापित कर निर्वाचन कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें।


साथ ही, निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निदेर्शों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा सभी तैयारियाँ समय पर पूरी की जाएँ, ताकि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

# मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने पैतृक गांव अटारी में क्षेत्र के किसानों से किया संवाद

**भरतपुर/जयपुर। मुख्यमंत्री** श्री भजनलाल शर्मा शनिवार को अपने पैतृक गांव अटारी पहुंचे, जहां लोकदेवता घोड़े वाला बाबा तथा चामुंडा माता मंदिर के धोक लगाकर विधि विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेश में खुशहाली की कामना की।

श्री शर्मा ने अटारी गांव में बड़े बुजुर्गों से मिलकर आशीर्वाद लिया तथा हाल-चाल पूछ कर घर-परिवार व खेती-बाड़ी की जानकारी ली। उन्होंने संपूर्ण गांव में पैदल परिक्रमा कर घर-घर जाकर लोगों से दीपावली की रामा-श्यामा की तथा बड़े बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री गांव में अपने पैतृक घर भी पहुंचे, जहां अपनी माताजी के चरण छूकर आशीर्वाद लिया तथा




कुशलक्षेम जानी।

**घर-घर हुआ भव्य स्वागत**

मुख्यमंत्री श्री शर्मा का अटारी गांव में घर-घर पर भव्य स्वागत हुआ। ग्रामीणों से उन्होंने आत्मीयता से मिलकर हाल-चाल जाने तथा खुशहाली की कामना की।

**क्षेत्र के किसानों से हुए रुबरु**

मुख्यमंत्री ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि किसान आधुनिक खेती अपनाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों की आय दोगुनी करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेती में अधिक उर्वरकों का उपयोग करने से मिट्टी की उर्वरता कम हो रही है तथा इसके कारण जलभराव की भी समस्या रहती है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि मिट्टी की जांच करवा कर कृषि वैज्ञानिकों के सुझाव अनुसार उर्वरकों का उपयोग करें। उन्होंने किसानों को दलहन एवं नगदी फसलों का चयन करने, केंद्र व राज्य सरकार की कृषि से संबंधित नवाचारों आधारित योजनाओं को अपनाने का आह्वान किया।

श्री शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के जीएसटी सुधारों से कृषि यंत्रों की खरीद में भी किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने युवाओं को अच्छी शिक्षा के अवसर प्रदान कर सरकारी नौकरियों के साथ ही स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार प्रदाता बनाने का आह्वान किया।

# "जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी सिवान डॉ आदित्य प्रकाश ने दिया सख्त हिदायत – धनबल, शराब और प्रलोभन पर कसी जायेगी नकेल"

**सिवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान,18अक्टूबर 2025** शनिवार को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संचालन के साथ-साथ दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर जिले में आदर्श आचार संहिता के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी महोदय ने महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किया है।

धनबल, शराब और मादक पदार्थ पर कड़ी निगरानी – 10 लाख से अधिक नकदी पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश

जिला निर्वाचन पदाधिकारी, सिवान ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रलोभन देने हेतु उनके बीच नकद, शराब, मादक पदार्थ, बहुमूल्य उपहार या अन्य वस्तुएं वितरित किए जाने की संभावना रहती



है। इसे रोकना चुनाव की निष्पक्षता बनाये रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि चुनाव प्रक्रिया में धनबल का दुरुपयोग सबसे बड़ी चुनौती है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के लिए निर्धारित अधिकतम व्यय सीमा 40 लाख रुपये है। इस सीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रवर्तन एजेंसियों को परस्पर समन्वय स्थापित कर सतत निगरानी करने का निर्देश दिया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी वाहन या व्यक्ति से 10 लाख रुपये से अधिक नकद राशि बरामद होती है तो उसकी तत्काल सूचना आयकर विभाग को दी जाए ताकि जब्ती की कार्रवाई की जा सके। इस उद्देश्य से जिला स्तर पर आयकर नोडल पदाधिकारी को नामित करते हुए एक क्विक रिस्पांस टीम (QRT) गठित की गई है जो तत्काल मौके पर कार्रवाई करेगी।

साथ ही, यदि किसी बैंक खाते में एक लाख रुपये से अधिक का संदिग्ध ट्रांजैक्शन पाया जाता है, तो उसकी जानकारी निर्वाचन व्यय कोषांग (Crime Control Act) को दें।

जिलाधिकारी ने संयुक्त आयुक्त,वाणिज्य कर को निर्देश दिया कि बिना वैध बिल या बिना ऋळ अदायगी के माल की ढुलाई के मामले में त्वरित रूप से जब्ती की कार्रवाई की जाए। पकड़े गए सामान को जुमार्ना एवं कर वसूली के बाद ही विमुक्त किया जाये। इस कार्य में पूरी टीम को तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा की जा रही सघन जांच के दौरान यदि अवैध हथियार, नकदी, शराब, ड्रग्स या नारकोटिक्स पदार्थ बरामद होते हैं तो संबंधित व्यक्तियों पर सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## तेज रफ्तार थार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में 4 की मौत

**देश का दर्पण..दैनिक अखबार पत्रकार.राकेश कोठेनिया हलेना**

**धनतेरस के दिन राजस्थान के** नदबई में सड़क हादसे में हंसता-खेलता परिवार खत्म हो गया। परिवार बाइक पर नदबई दीपावली की खरीदारी के लिए जा रहा था, लेकिन दर्दनाक हादसे में त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं। इस हादसे में 4 की मौत हुई है, जिसमें दो मासूम भी शामिल हैं लुहासा रोड पर ईंट भट्टे के पास तेज रफ्तार थार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार दंपती और उनके दो मासूम बच्चों की



मौके पर ही मौत हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई और थार पलटकर सड़क किनारे खेत में जा गिरी। हादसे में जान गंवाने वाले चारों लोग एक ही परिवार से थे। मृतकों की पहचान कुम्हेर तहसील के दहवा गांव निवासी 35 वर्षीय नटवर, उसकी पत्नी पूजा, तीन वर्षीय बेटी परी और डेढ़ वर्षीय बेटे दीपू के रूप में हुई है। परिवार दीपावली का सामान लेने गांव से नदबई जा रहा था, तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया। शब को अस्पताल की मॉचुर्री भिजवाया। हादसे ने पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया थार की रफ्तार बहुत तेज थी, जिससे टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई।

## बच्चों ने छठ झांकी की प्रस्तुति



**पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के** लक्ष्य इंटरनेशनल एकेडमी बरडीहा में छठ पूजन एवं दीपावली पर्व को लेकर जूनियर क्लास के बच्चो ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम किया इस मौके पर नन्हें बच्चों ने छठ गीत पर अनोखे अंदाज में नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर पहुंचे अभिभावकों को दिल जीत लिया। वहीं फूल अबीर से बने रंगोली को देख पहुंचे मुख्य अतिथि आनंदित हुए।। इस अवसर पर विद्यालय के प्रेसिडेंट रामप्रवेश राय, चेयरमैन विष्णुदेव राय, एमडी विशाल कुमार, वेलफेयर डायरेक्टर मयंक शेखर, प्राचार्य सुरेंद्र रजक, समेत सैकड़ों अभिभावक मौजूद थें।

# मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने मेहंदीपुर बालाजी के किए दर्शन

**दौसा/जयपुर। मुख्यमंत्री** श्री भजनलाल शर्मा ने धनतेरस के पावन पर्व पर शनिवार को दौसा जिले के मेहंदीपुर में पूर्ण विधि विधान से श्री मेहंदीपुर बालाजी महाराज के पावन दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व आरोग्यमय जीवन के लिए कामना की। मेहंदीपुर बालाजी के महंत डॉ. नरेश पुरी महाराज ने मुख्यमंत्री श्री शर्मा को मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना कराई।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को पंच पर्व दीपोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक



उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेश में निर्मित उत्पादों का उपयोग करने से स्थानीय कामगारां, दुकानदारों और उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलेगा और वोकल फॉर लोकल के तहत आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हम मजबूती से आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने जीएसटी की दरों में कमी कर आमजन को बड़ा फायदा दिया है। रोटी, कपड़ा और मकान सस्ता होने से आमजन के लिए यह दीपावली खुशियों की सौगात लेकर आई है।

इस अवसर पर विधायक श्री रामबिलास, श्री विक्रम बंशीवाल, श्री भागचंद टांकड़ा सहित जनप्रनिधिगण एवं उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

## मूक बधिर बच्चो ने मतदाता उत्सव का दिया संदेश



**सीवन संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान शहर के राजवंशी नगर** मे पुलिस अधीक्षक आवास के समीप सेवा समर्पण संस्थान के द्वारा संचालित रॉयल डेफ पब्लिक स्कूल (मूक बधिर) विद्यालय मे दीपोत्सव एवं मतदान उत्सव मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय मे मूक बधिर बच्चो ने अराध्या चित्र कला के प्रशिक्षुओ के दिशा निर्देशन मे खूबसूरत दीप बनाया तथा 6 नवम्बर को सिवान जिले के हर मतादाता को मतदान जरूर करने का संदेश दिया। इस मौके पर बच्चो को हल्के धुएँ एवं हल्के आवाज के सुरक्षित पटाखे एवं मिठाईया बाँटी गयी। इस मौके पर लायन पवन गुप्ता, डॉक्टर फैजल महमूद, विद्यालय की प्राचार्या संगीता कुमारी, शिक्षिका रितिका सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे। स्कूल के संस्थापक व सेवा समर्पण के अध्यक्ष अरविन्द ने बताया कि जिले मे सभी विधान सभा क्षेत्र मे 6 नवम्बर को मतदान होना है। मूक बधिर बच्चे मतदाताओं को संदेश दे रहे है कि लोकतंत्र की मजबूत आवाज मतदान है। हर कोई मतदान करे और मतदाता उत्सव जरूर मनाये।

# आर.के.एस.डी. कॉलेज कैथल में मूट कोर्ट प्रतियोगिता का सफल आयोजन, विद्यार्थियों ने निभाई वकील व जज की भूमिका

कैथल (कृष्ण प्रजापति): आर. के. एस. डी. महाविद्यालय, कैथल के वाणिज्य विभाग द्वारा बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए मूट कोर्ट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति की निपुणता और तर्कशक्ति का विकास करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. अजय शर्मा, संयोजक डॉ. विशाल आनंद एवं मनीषा बिंदलिश



के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में 13 टीमों के लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी विधिक समझ का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने इंडियन कॉन्ट्रैक्ट एक्ट 1872 के तहत विभिन्न प्रकरणों पर वकालत, जजमेंट और गवाहों की भूमिका निभाते हुए न्यायालयीन प्रक्रिया का प्रभावशाली अनुकरण किया।

निर्णायक मंडल में प्रो. अजय शर्मा, डॉ. रचना सरदाना, डॉ. मनोज बंसल एवं मनीषा बिंदलिश शामिल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुति, तर्कशक्ति और आत्मविश्वास की सराहना की। प्रतियोगिता में श्रेया, नैंसी, खुशी, नेहा की टीम ने प्रथम, मिष्ठी, सनाया, निलेश, यक्ष, सज्जन, शुभम की टीम ने द्वितीय और वर्षा, अन्नू, काफी, खुशी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजबीर पराशर ने वाणिज्य विभाग को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में विधिक समझ और वक्तृत्व कौशल को निखारने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों को न्याय प्रणाली की गहराई को समझने और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर देते हैं।

कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. पूजा गुप्ता, विशाल गर्ग, डॉ. बबीता गर्ग, राजेश गर्ग, सुचेता तोमर, सुरभि, पल्लवी गर्ग एवं इशिका चुघ का विशेष योगदान रहा। अंत में डॉ. रचना सरदाना ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों को आगे भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

# 'सेलिब्रेटिंग मर्वेलस ऑफ जयपुर' थीम के साथ हुआ आईआईआईडी जयपुर चैप्टर के नई चेयरमैन और कार्यकारिणि का शपथ ग्रहण समारोह




जयपुर, 18 अक्टूबर 2025ः शुक्रवार का दिन राजस्थान की आर्किटेक्चर और डिजाइन कम्युनिटी के लिए एक ऐतिहासिक दिन के रूप में याद रहेगा। जब इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीरियर डिजाइनर्स (आईआईआईडी) जयपुर रीजनल चैप्टर का शपथ ग्रहण समारोह भव्य रूप से जयपुर के नारायण सिंह सर्किल पर स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर आईआईआईडी के नेशनल प्रेसिडेंट, आर्किटेक्ट जिनेश मोदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य एवं देशभर के प्रतिष्ठित डिजाइनर्स और आर्किटेक्ट्स ने समारोह में भाग लिया। इस समारोह में क्षितिज मनु को आईआईआईडी जयपुर चैप्टर के नई चेयरमैन और नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। नई टीम में, चेयरमैन इलेक्ट, मनीष ठाकुरिया; वाइस चेयरपर्सन, निखिल तालुका; सेक्रेटरी, शिखा सिंह; कोषाध्यक्ष, अंशुल मोदी; जॉइंट सेक्रेटरी जूही केडिया होंगी। इस अवसर पर चैप्टर की नई कार्यकारिणी ने अपने कार्यकाल की थीम "सेलिब्रेटिंग मार्वेलस ऑफ जयपुर" प्रस्तुत की – जो जयपुर की समृद्ध हैरिटेज, आर्किटेक्चर और कल्चर का आधुनिक डिजाइन दृष्टिकोण से जश्न मनाने की भावना को दर्शाती है। चेयरमैन क्षितिज मनु ने अपने संबोधन में कहा "हमारा उद्देश्य डिजाइन को आम आदमी के जीवन के केंद्र में लाना है। डिजाइन केवल सजावट नहीं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का माध्यम है। जयपुर की अद्भुत हैरिटेज और आधुनिक डिजाइन दृष्टिकोण के संगम से हम एक ऐसा समाज बनाना चाहते हैं जो अपने परिवेश से प्रेम करे, उसे सहेजे और आगे बढ़ाए। हमारा प्रयास रहेगा कि हम सब मिलकर सीखें, साझा करें और समाज के लिए ऐसा डिजाइन वातावरण तैयार करें जो प्रेरणादायक और समावेशी हो। ज्ञान हमेशा सहयोग से बढ़ता है और हमारा फोकस रहेगा "डिजाइन फॉर आल" पर, जिससे सब इसका लाभ ले सकें। समारोह में पूर्व चेयरपर्सन आशीष काला को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया। वे अब तत्कालीन पूर्व अध्यक्ष के रूप में चैप्टर का मार्गदर्शन करते रहेंगे। समारोह में सुनील जैन, विवेक गुप्ता, अमित गोस्वामी, अक्षित ठोलिया, अनुपमा राणा, और तुलसी राम मोदी सहित अनेक डिजाइन प्रोफेशनल्स, शिक्षाविद, छात्र एवं आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। आईआईआईडी जयपुर चैप्टर की नई टीम ने यह संकल्प लिया कि आने वाले दो वर्षों में वे राजस्थान के डिजाइन परिदृश्य को और मजबूत बनाने के साथ-साथ आम नागरिकों तक डिजाइन की महत्ता पहुँचाने के लिए जन-संवेदनशील कार्यक्रम, कार्यशालाएँ और सहयोगी अभियान चलाएंगे – ताकि डिजाइन सचमुच "लोगों द्वारा, लोगों के लिए" की भावना को साकार कर सके।

## 8 महीने बाद गंगासागर से अपने देश लौटे डूबे हुए जहाज के बांग्लादेशी नाविक, ममता सरकार की मानविक पहल



**रमेश राय गंगासागर (पश्चिम बंगाल)। करीब** 8 महीने की लंबी प्रतीक्षा के बाद डूबे हुए बांग्लादेशी जहाज के नाविक आखिरकार अपने देश लौटे। यह जहाज लगभग आठ महीने पहले मुड़िगंगा नदी में तले में छेद हो जाने के कारण डूब गया था। घटना के तुरंत बाद सागर थाने की पुलिस ने सभी नाविकों को सुरक्षित बचा लिया था और प्रशासन ने उनके रहने-खाने की पूरी व्यवस्था की थी। राज्य सरकार ने इन नाविकों को जल्द से जल्द स्वदेश लौटाने के लिए कई बार प्रयास किया, लेकिन बांग्लादेश सरकार की ओर से कोई जवाब न मिलने के कारण यह प्रक्रिया लंबे समय तक अटकी। अंततः बांग्लादेश से स्वीकृति मिलने के बाद बुधवार रात गंगासागर से नाविकों को उनके देश के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर सुंदरवन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा स्वयं उपस्थित थे। उन्होंने इन नाविकों के लिए नए वस्त्रों की व्यवस्था की और उन्हें सम्मानपूर्वक विदा किया।

राज्य सरकार की इस मानवीय पहल से भावुक नाविकों ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और प्रशासन के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। लंबे समय की अनिश्चितता के बाद सुरक्षित घर लौटने पर नाविकों और उनके परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल में बायलर पूजन कर अग्नि प्रज्वलित की गयी



**देश का दर्पण। सुनहरा ब्यूरो**
**लखीमपुर-खीरी।खभारखेड़ा** आगामी गन्ना पेराई सत्र शुरू करने से पूर्व बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभारखेडा में शनिवार को बायलर पूजन कर अग्नि प्रज्वलित की गयी।

इस अवसर पर इकाई प्रमुख अवधेश कुमार गुप्ता ने बताया की चीनी मिल का मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है किसानों की सुविधा का ध्यान रखते हुए नवंबर के प्रथम सप्ताह से पेराई सत्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिससे कि खेतों में खड़ा पेडी गन्ना समय से मिल को आपूर्ति हो तथा खेत खाली होने से उचित समय पर गेहूं की बुवाई कर सकें।साथ ही मिल चालू होने से किसानों को औने -पौने दामों पर गन्ना कोल्हुओं पर नहीं बेचना पड़ेगा। श्री गुप्ता ने कहा किसानों का अपना पूरा गन्ना मिल में बिकने से उनके बेसिक कोटा में वृद्धि होती है तथा सरकार द्वारा निर्धारित गन्ना मूल्य की प्राप्ति होती है

इस अवसर पर मुख्य रूप से यूनिट हेड अवधेश कुमार गुप्ता , इंजीनियरिंग हेड अरुण प्रताप सिंह, डिस्टलरी डेड अतुल कुमार सिंह, सच्चिदानंद मिश्रा, राजीव राय, अनिल सिंह, योगेश कुमार सिंह, राजेश पाण्डेय, मानवेन्द्र सिंह, तनवीर अहमद, आदेश बंशल सहित काफी संख्या मे अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जामडोली-पूजा अर्चना कर आयुर्वेद औषधालय में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी धन्वन्तरि जयंती

**देश का दर्पण न्यूज,जयपुर ।**
**जयपुर के जामडोली स्थित** आयुर्वेद औषधालय में पूजा अर्चना कर धन्वंतरि जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर क्षेत्र के पार्षद पुष्पेंद्र मीना ने किया।

औषधालय के कम्पाउंडर गोपाल द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन चिकित्साधिकारी डॉ.आशा बिधौलिया द्वारा किया गया एवं सबके आरोग्य की कामना की। पूजन-अर्चन के पश्चात सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पार्षद पुष्पेन्द्र मीणा , गिर्राज गौतम, घनश्याम शर्मा, डॉ. चंचल शर्मा (अमोघ आयुर्वेद), दुष्यंत, अमरसिंह (यूनिक आयुर्वेद), परिचारिका पुष्पा देवी, तथा हिमांशु सैन आदि गणमान्य लोग उपस्थिति थे

## खीर मोहन में मिलावट का खुलासा, महावन में खाद्य विभाग की कार्रवाई

**यूपी न्यूज एक्सप्रेस/रविकांत**
**मथुरा। महावन कस्बे में** मिठाई में मिलावट को खुलासा हुआ है। लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद शुक्रवार की शाम खाद्य विभाग की टीम ने कई प्रतिष्ठित दुकानों पर औचक जांच की। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने मिठाई बनाने में असली दूध की जगह मिल्क पाउडर के उपयोग का मामला पकड़ा।

जैसे ही प्रशासनिक टीम बाजार में पहुँची, दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग भी मौके पर जुटने लगे। निरीक्षण दल में उपजिलाधिकारी कंचन गुप्ता, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी धीरेंद्र प्रताप सिंह और खाद्य निरीक्षक रामनरेश शामिल थे। उन्होंने महावन क्षेत्र की दर्जनों दुकानों की जांच की।

छापेमारी के दौरान रमण बिहारी खीर मोहन भंडार से सूखे दूध का पाउडर बरामद हुआ। मौके पर मौजूद लोगों का कहना था कि प्रसिद्ध "खीर मोहन" मिठाई अब शुद्ध दूध से नहीं, बल्कि पाउडर से तैयार की जा रही है। अधिकारियों ने कई स्थानों से नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं।

# बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 केमतदाता जागरूकता अभियान पहले मतदान फिर जलपान



**देश का दर्पण न्यूज संवाददाता रमेश प्रसाद सिंह की रिपोर्ट बिहार वैशाली से**
**बिहार विधान सभा** आम निर्वाचन- 2025 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के द्वारा आज शनिवार को राजकीय मध्य विद्यालय, सुभई, उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुभई, एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सुभई, हाजीपुर में जागरूकता समारोह का नेतृत्व किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह ने कहा कि वैशाली जिला में प्रथम चरण "6 नवम्बर" को मतदान के मद्देनजर जिला प्रशासन, वैशाली की ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए अलग अलग तरह के अनेकों कार्यक्रम लगातार का आयोजन किया जा रहे है।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में दृष्टिबाधित बच्चों द्वारा स्वागत गान गाया गया साथ ही मतदान जागरूकता सबंधी कई प्रकार के नारे लगाये गए।

विद्यालय के छात्राओं के द्वारा पेंटिंग एवं रंगोली का भी प्रदर्शन किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम में मतदान करने हेतु जीविका दीदी , आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा हाथों में दीप जलाकर मतदान करने हेतु शपथ लिया गया एवं मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया ।

स्वास्थ्य विभाग के आशा कार्यकर्त्ता द्वारा विशेष हेल्थ कैंप का भी आयोजन किया गया।

महिला मतदाताओं के नाम को जोड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया गया था । इसी क्रम में महिला वोटर को मतदान हेतु प्रेरित किया गया तथा जो पुरुष मतदाता जो किसी कारणवश बाहर रहते है वो पर्व-त्यौहार में आ रहे है तो उन्हें भी विशेष रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित एवं जागरूक किया गया। इसके साथ ही यह संकल्प लिया गया की "पहले मतदान - फिर जलपान" एवं परिवार में जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है या जिनका नाम मतदाता सूची में अंकित है वह मतदान केंद्र पर जाकर अपना मतदान अवश्य दे।

## उप जिलाधिकारी व सीओ ने क्षेत्र की अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया



**देश का दर्पण।सिदाकत मंसूरी मोहम्मदी खीरी।दीपावली** पर्व से पहले तहसील प्रशासन सख्त हो गया है।शनिवार को उपजिलाधिकारी चलुवराजु आर और सीओ अरुण कुमार सिंह के साथ क्षेत्र की अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान संचालकों को नियम विरुद्ध शराब की बिक्री न करने और साफ-सफाई रखने की चेतावनी दी गई।उपजिलाधिकारी चलुवराजु आर दीपावली पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए लगातार तहसील स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कस्बा सहित कई दुकानों पर स्टॉक, बिक्री रजिस्टर, रखरखाव और साफ-सफाई की स्थिति परखी।एसडीएम ने दुकान संचालकों को नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही, दीपावली पर किसी भी प्रकार की नियम विरुद्ध शराब की बिक्री न करने की सख्त हिदायत दी गई।सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि दीपावली पर्व को देखते हुए क्षेत्र की दुकानों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी दुकान संचालक द्वारा मनमानी या लापरवाही पाई गई, तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान आबकारी इंस्पेक्टर सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

# कोटा ने जीती राज्य स्तरीय ताईक्वांडो चैंपियनशिप!



कोटा में रघुराई इंडोर कॉम्प्लेक्स, नयापुरा में आयोजित राजस्थान स्टेट सब-जूनियर, कैडेट और जूनियर ताईक्वांडो प्रतियोगिता में कोटा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फर्स्ट चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।

दूसरा स्थान सीकर तथा तीसरा स्थान झुंझुनूं ने प्राप्त किया।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

कोटा डिस्ट्रिक्ट ताईक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों ने अनुशासन और जोश के साथ खेलते हुए कोटा का नाम पूरे राज्य में रोशन किया।स्वर्ण पदक विजेताःवाणी कौर, तविषा सिंघल, अभय गुर्जर, यशस्वी सिकरवार, ऋषित प्रजापति, उत्कर्ष नागर, आदित्य गोचर, मौलिक राठौड़, आयरा विश्वकर्मा, प्रियांशी सिंह, ईधिका गुप्ता, रियांश शर्मा, अविराज शर्मा, आदित्य सिंह, गर्वित नागर, मोहम्मद शहान, प्रिंस, वेदिका धाकर, परनवी मीना, आरुषि टकलकर, मान्याय राठौड़, मनमीत सिंह रजत पदक विजेताःएकांश शर्मा, दक्ष यादव, लावांशी जैन, रचित मित्तल, अनंत मित्तल, प्रणीट मालव, मेहुल, कनक मीना, त्रिशा मीना, आराध्या राठौर, कार्तिक नैनवानी, अर्पित सिंह, राजकुमार राठौर कांस्य पदक विजेताःलक्ष्या कटारिया, जियान, दक्ष पाल सिंह, मयंक खत्री, पुरोधा राठौर, ऋषभ जरेड़ा, रयांशी सक्सेना, युवान दयाल, उजयवीर सिंह, हंसिका यादव, कौस्तुभ शर्मा, दिव्यांश मीना, नक्षत्र, मेधांश कपूर, सार्थक शर्मा, नव्या सिंह, सक्षम फौजदार, हर्षुल सिंह, उत्कर्ष बघेल, कनिका चौरासिया, आरव पहाड़िया, अविष्का महावर, अनुराज जांगिड, दैविक, गौरव सोनी, काव्या शर्मा, अर्किता गौतम, आरोही टकलकर, हर्षिता राठौर

इस अवसर पर राजस्थान ताईक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम सैनी, सेक्रेट्री लक्ष्मण हाड़ा, कोटा डिस्ट्रिक्ट ताईक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार, सेक्रेट्री मनोज कुमार व मोहित सिंह उपस्थित रहे।साथ ही नेशनल रेफरी आईशानी सक्सेना, दयावंती, हर्षित शर्मा, इंद्रजीत सिंह, देवराज बंसल व अभिषेक कुमार भी मौजूद रहे।

## नगर निकाय के वेतन बैण्ड और ग्रेट पे प्राप्त करने वाले संविदा सफाई कर्मचारियों को बोनस मिले... योगेश वर्मा



**देश का दर्पण।सुनहरा ब्यूरो लखीमपुर-खीरी।उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी दीपावली से पूर्व राज्य कर्मचारियों तथा राजकीय विभागों में कार्य प्रभारित कर्मचारियों, तथा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को वर्ष 2023/24 के लिए 30 दिन के तदर्थ बोनस के भुगतान के आदेश 14 अक्टूबर को वित्त वेतन आयोग उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने दिए हैं।शासनादेश में नगर निकायों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के स्थान पर कार्य प्रभारित और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का उल्लेख है। इस कारण अधिकारियों में भ्रम की स्थिति है।इस समस्या को लेकर कई संविदा सफाई कर्मचारियों और चन्दन लाल वाल्मीकि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, परिसंघ,ने जब सदर विधायक योगेश वर्मा को जिले की नगर निकायों में 19 वर्षों से कार्यरत वेतन बैण्ड तथा ग्रेट पे प्राप्त करने वाले संविदा सफाई कर्मचारियों को अधिशाषी अधिकारियों में भ्रम की स्थिति से अवगत कराया।जबकि शासनादेश में कार्य प्रभारित कर्मचारियों का स्पष्ट उल्लेख है, संविदा सफाई कर्मचारियों बोनस मिले इसके लिए योगेश वर्मा सदर विधायक लखीमपुर ने दीपक कुमार अपर मुख्य सचिव वित्त (वेतन आयोग) उत्तर प्रदेश शासन, प्रमुख सचिव नगर विकास, निदेशक स्थानीय निकाय उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी खीरी को पत्र लिखे हैं।

# जोर शोर से चल रही जय यादव,प्रीति शुक्ला व कोमल सिंह की भोजपुरी फिल्म 'अग्नि फेरा' की शूटिंग लखनऊ में

लखनऊ - उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ में इन दिनों आलम ब्रदर्स प्रोडक्शन व एम आर पिक्चर्स के बैनर तले भोजपुरी फिल्म "अग्नि फेरा" की शूटिंग धूमधाम से चल रही है, इस फिल्म में भोजपुरी स्टार जय यादव के साथ प्रीति शुक्ला व कोमल सिंह मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे, इस फिल्म में जय यादव प्रीति शुक्ला व कोमल सिंह की त्रिकोणीय रोमांस वाली केमेस्ट्री बेहद खास नजर आने वाली है। फिल्म "अग्नि फेरा " की कहानी और कलाकारों का अभिनय दर्शकों के दिलों को छूने वाला है, जिससे यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा में एक नया इतिहास रचने की उम्मीद कर रही है,फिल्म "अग्नि फेरा " को लेकर निर्देशक महमूद आलम ने कहा, यह फिल्म दर्शकों के लिए एक खास तोहफा होगी,फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प है और इसमें मनोरंजन, रोमांस, और फैमली ड्रामा से भरपूर तड़का है, हम सभी ने इसे पूरी मेहनत और दिल से बनाया है,शूटिंग के दौरान लखनऊ के खूबसूरत लोकेशनों पर काम करना भी एक बेहतरीन अनुभव मिल रहा है, उन्होंने आगे कहा, फिल्म का संगीत भी दर्शकों को बेहद पसंद आएगा,मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाएगी और वे इसे खूब सराहेंगे,फिल्म के निमार्ता आलम ब्रदर्स प्रोडक्शन व एम आर पिक्चर्स हैं निर्देशक महमूद आलम हैं, जबकि कहानी राकेश त्रिपाठी ने लिखी है। संगीत की जिम्मेदारी राज गुप्ता ने संभाली है, और छायांकन (ऊडढ) सुनील अहेर द्वारा किया जा रहा है । वही कोरियोग्राफर मनोज गुप्ता कर रहे हैं निर्माण मे सहयोग मुमताज आलम का हैं,फिल्म में मुख्य सह-निर्देशक अमर नाथ गुप्ता,क्रियेटिव निर्देशक-ओमप्रकाश त्रिपाठी (सोनू)व पीयूष श्रीवास्तव,आर्ट डायरेक्टर नाजिर शेख,लाइन प्रोड्यूसर रिजवान खान व आशीष गुप्ता हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार जय यादव, प्रीति शुक्ला, कोमल सिंह, दिलीप सिन्हा, ललित उपाध्यक्ष, रिंकू यादव, स्वेता यादव, कादिर शेख, रिंकू भारती, रंजन कुशावहा, राज द्विवेदी, संतोष सिंह भारत, दिनेश लहरी खान जैसे जाने-माने कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे, फिल्म के पी आर ओ अरविन्द कुमार मौर्या हैं।

## भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी मोरपाल सुमन ने भरा नामांकन



**बारां। अंता** उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मोरपाल सुमन ने शनिवार को शुभलग्न में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुमन के साथ क्षेत्रीय सांसद दुष्यंत सिंह, केबिनेट मंत्री जोगाराम भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच जिलाध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व प्रधान सुमन अपने आराध्य ..... के मंदिर पहुंचे। जहां पूजन अर्चन के बाद नामांकन दाखिल किया।भाजपा प्रत्याशी सुमन की नामांकन रैली बालाजी की बगीची से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए निर्वाचन कार्यालय पहुंची। इस बीच सामान्य परिवार में जन्मे भाजपा के जमीनी कार्यकर्त्ता सुमन को भाजपा द्वारा प्रत्याशी बनाये जाने पर कार्यकत्ताओं एवं आमजन में विशेष उत्साह देखने को मिला।

भाजपा जिला प्रवक्ता सचिन सनाढ्य एवं सहप्रवक्ता योगेश राजौरा ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मोरपाल सुमन ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार की अगुवाई में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने नतमस्तक होकर अंता-मांगरोल विधानसभा की जनता से भाजपा के पक्ष में मत एवं समर्थन मांगा।

# धनतेरस पर किसानों को मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का तोहफा



**पाली। मुख्यमंत्री श्री** भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान हमारे राष्ट्र निमार्ता और भारत की आत्मा हैं। कृषक जब अपने खेतों में दिन-रात मेहनत करता है, तभी हमारी थाली में भोजन आ पाता है। उन्होंने कहा कि अन्नदाता शब्द समाज में किसान के सम्मान, गरिमा और महत्व को दशार्ता है। हमारा किसान समृद्ध होगा तो देश और प्रदेश भी विकसित होगा, इसलिए राज्य की डबल इंजन सरकार किसानों की समृद्धि के लिए दिन-रात कार्य कर रही है। श्री शर्मा ने शनिवार को भरतपुर के नदबई में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्य के लगभग 72 लाख किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की चौथी किस्त के रूप में लगभग 718 करोड़ रुपये की राशि का हस्तान्तरण किया। इसी कड़ी में पाली जिले का जिला स्तरीय समारोह जिला परिषद सभागार में पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान जिलेभर से पहुंचे सैंकड़ों किसान वर्चुअली राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जुड़े। मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने पाली जिले के एक लाख 68 हजार किसानों के खातों में चौथी किस्त के रूप में कुल 16 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की।

इस जिला स्तरीय समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को सर्वोपरि मानते हुए उनके कल्याण के लिए किसान सम्मान निधि योजना प्रारम्भ की। राजस्थान में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत पौने दो साल में किसानों को 7 हजार 31 करोड़ रुपये से अधिक दिए जा चुके हैं। श्री कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 6 हजार के अतिरिक्त 3 हजार की राशि अलग से प्रदेश के किसानों को देती है। इसके तहत अब तक 70 लाख से अधिक किसानों को 1 हजार 355 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई है। इस प्रकार केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को कुल 8,386 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है जो एक रिकॉर्ड है। इसी क्रम में चौथी किस्त के रूप में पाली जिले के एक लाख 68310 किसानों को 16 करोड़ 83 लाख 10 हजार रुपये किसानों को और दिए गए हैं।

कार्यक्रम में पाली विधायक भीमराज भाटी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी, पंचायत समिति प्रधान मोहिनी देवी, प्रधान प्रतिनिधि पुखराज पटेल, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भंवर चौधरी, पूर्व उप जिला प्रमुख नवल किशोर शर्मा, सेंट्रल कॉ-ऑपरेटिव बैंक प्रबंध निदेशक प्रशांत कल्ला, एडीएम बजरंग सिंह, जिला परिषद के सीईओ मुकेश चौधरी, सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में किसान व आमजन उपस्थित रहे।

# जलवायु व ऊसर भूमि के लिए अनुकूल है धान की सीएसआर 46 प्रजाति : डॉ खलील खान




**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में कम्पनी बाग स्थित चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर द्वारा शुक्रवार को ग्राम सहतावनपुरवा में निकरा परियोजना के तहत धान फसल में एक दिवसीय प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया है। यह जानकारी शुक्रवार सीएसए मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने दी।

सीएसए मीडिया प्रभारी व मृदा वैज्ञानिक डॉ. खलील खान ने बताया कि धान की धान की सीएसआर 46 किस्म क्षेत्रीय जलवायु एवं ऊसर भूमि के लिए अनुकूल है, जिसकी उत्पादन क्षमता लगभग 40 से 45 कु. प्रति हेक्टेयर होने की संभावना है।

उन्होंने कहा साथ ही, किसान इस किस्म की प्रजाति को लेकर काफी उत्साह दिखा रहे हैं। डॉ. खान ने ऊसर भूमि में धान अवशेष प्रबंधन के बारे में किसानों को बताते हुए कहा कि फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन कर फसलों को बिना जुताई किये समय में बुआई कर अधिकतम उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि फसल अवशेष का प्रबंधन करने से मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक गुणवत्ता में वृद्धि की जा सकती है। फसल अवशेष से मृदा में जल धारण क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे फसल को लंबी अवधि तक मृदा जल प्राप्त होता है।

डॉ अरुण कुमार सिंह ने सीएसआर 46 धान की विशेषता बताते हुए कहा कि यह किस्म जिले के लिए बहुत अच्छी है। उन्होंने किसानों को हर संभव तकनीकी सहायता देने का आश्वासन दिया।

इस बैठक में किसान छुन्ना सिंह ने किसानों को धान-परती भूमि प्रबंधन के बारे में बताया।

इस मौके पर कृषक सोनकली, पुष्पा देवी, संगीता देवी, मीरा देवी, रामबाबू, पूनम देवी, रामगोपाल,राजू यादव सहित लगभग 30 से अधिक किसानों ने भाग लिया। प्रगतिशील किसान प्रमोद कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ` इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शुभम यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा क

## नहीं रहे लोकतंत्र सेनानी बाबूलाल अग्रवाल- आरएसएस विचार परिवार में शोक



**सीतापुर।** लोकतंत्र सेनानी, समाजसेवी एवं सीतापुर संघ विचार परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता बाबूलाल अग्रवाल का शुक्रवार रात्रि निधन हो गया। 86 वर्षीय अग्रवाल पिछले कुछ दिनों से गंभीर रूप से बीमार चल रहे थे, लखनऊ के मैक्स हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार की शाम अपने निज निवास सीतापुर में उनका शरीर शांत हो गया।

अग्रवाल ने भारतीय जनसंघ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,विश्व हिंदू परिषद, भारतीय जनता पार्टी सहित विभिन्न संगठनों में प्रमुख दायित्वों पर रहकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से सीतापुर संघ विचार परिवार में शोक व्याप्त है।

आपातकाल के विरोध में गए जेल, राम मंदिर आंदोलन के दौरान जनपद में निभाई प्रमुख भूमिका86 वर्षीय बाबूलाल अग्रवाल वर्ष 1975 में इमरजेंसी का विरोध करते हुए जेल गए थे, जेल में रहने के दौरान उन्होंने यातनाएं भी सहीं। उन्हें लोकतंत्र सेनानी का दर्जा हासिल था। अग्रवाल ने विश्व हिंदू परिषद से जुड़कर राम मंदिर आंदोलन में जनपद में कारसेवा से लेकर कई जगहों पर अपनी प्रमुख भूमिका निभाई। इससे पूर्व उन्होंने जनसंघ एवं भारतीय जनता पार्टी के भी पदों पर रहकर पार्टी को मजबूत करने का काम किया।

अग्रवाल बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे।

सीतापुर संघ विचार परिवार के लिए उनका निधन बड़ी क्षति है।

अग्रवाल के निधन पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक अभिषेक, प्रांत कार्यवाह प्रशांत, विष्णु दत्त दीक्षित, सीतापुर के निवर्तमान सांसद राजेश वर्मा, राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु, भाजपा विधायक, ज्ञान तिवारी, रामकृष्ण भार्गव , निर्मल वर्मा,एमएलसी पवन सिंह, पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, पूर्व विधायक सुनील वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला पूर्व जिला अध्यक्ष उमाकांत मिश्रा, अचिन मेहरोत्रा ने दुःख जताया है।

## मत्स्य मंत्री ने यमुना नदी में दो लाख मत्स्य अंगुलिकाओं को किया प्रवाहित



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने शुक्रवार को यमुना नदी के चंद्रवार घाट पर 2 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का संचय किया।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत मंत्री मत्स्य विभाग डॉ संजय कुमार निषाद ने चंदवार घाट पर रिवर रेचिंग (2 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं को गंगा व यमुना नदी में) प्रवाहित किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि रिवर रेचिंग एक पहल है, जिसका उद्देश्य नदियों में मछली उत्पादन को बढ़ावा देना, जैव विविधता को संरक्षित करना और मछुआरा समुदाय की आजीविका में सुधार करना। इस कार्यक्रम के तहत नदियों में विभिन्न प्रजातियों की मछलियों के बीज छोड़े जाते हैं, ताकि मछलियों की संख्या और गुणवत्ता में सुधार हो सके। उन्होंने रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के लाभों को बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से मछली उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ जैव विविधता का संरक्षण हो सकेगा, साथ ही मछुआरा समुदाय की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होने के साथ-साथ नदी जल की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। यह कार्यक्रम मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपनिदेशक मत्स्य डॉ हरेंद्र प्रसाद, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य गौरव सिंह, मत्स्य निरीक्षक कौशलेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहें।

## किसानों की फरियाद पर डीएम सख्त – बोले, शिकायतें होंगी तुरंत दूर, लापरवाही बर्दाश्त नहीं!




**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में शुक्रवार को विकास भवन स्थित ऑडिटोरियम में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आए किसान तथा कृषि, पशुपालन, उद्यान, सहकारिता, विद्युत व सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत में उप कृषि निदेशक विकेश कुमार ने पिछली कार्यवाही की समीक्षा की और किसानों की समस्याओं पर की गई कार्रवाई की जानकारी दी। किसान धर्मदेव उपाध्याय (भा.कि.यू. लोकशक्ति) ने अहरौरा बांध में नगर पालिका द्वारा कूड़ा व पशुओं के शव फेंके जाने की शिकायत करते हुए बांध की सफाई कराने की मांग की। वहीं कंचन सिंह फौजी (भा.कि.यू.) ने आवास विकास प्राधिकरण द्वारा किसानों की जमीन के अधिग्रहण का विरोध करते हुए ड्रोन सर्वे पर रोक लगाने की मांग की।

किसानों ने सड़कों की मरम्मत, पुल निर्माण, पेयजल आपूर्ति में बाधा और बिजली कनेक्शन से जुड़ी समस्याएं भी रखीं। धर्मदेवी ने तीन वर्ष से अधूरे बिजली कार्य की शिकायत की, जबकि सत्य नारायण प्रजापति ने सिद्धी-खुटहा सड़क की पटरी न बनने की समस्या बताई।

जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए।

बैठक में परियोजना निदेशक, जिला पूर्ति अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## टेम्पो पलटने से महिला की मौत, तीन घायल



**जौनपुर।** बरसठी थाना क्षेत्र के निगोह बाजार के पास शुक्रवार को एक ऑटो टैम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे एक महिला की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ऑटो व चालक को हिरासत में ले लिया।

मिली जानकारी के अनुसार हाशिया बाजार से निगोह की ओर जा रहा ऑटो टैम्पो जैसे ही निगोह बाजार स्थित पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा, तभी वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में सवार सीमा देवी, शीला सरोज, प्रिंसी और अंशी घायल हो गईं। सभी को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां शीला सरोज की मौत हो गई, जबकि सीमा देवी सहित तीन अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है।क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ गिरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने ऑटो और चालक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मनहूस हादसे की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया।

## एक दिन की थाना प्रभारी बनी छात्रा वर्षा पौनिया




**फिरोजाबाद।** मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत छात्रा कुमारी वर्षा पौनिया शुक्रवार को एक दिन के लिए थाना प्रभारी नगला सिंघी बनाई गई। एक दिन की थाना प्रभारी ने कहा कि यह क्षण मेरे लिए गर्व और आत्मविश्वास से भरा हुआ है।एक दिन के लिये थाना प्रभारी बनी कु.वर्षा पौनिया ने थाना कार्यालय, ऑफिस का भ्रमण किया। सीसीटीएनएस, विवेचना कम्प्यूटर कक्ष, माल खाना, साइबर हैल्प डैस्क कार्यालय, महिला हैल्पडैस्क, महिला सुरक्षा केन्द्र, मेस एवं बैरक आदि का निरीक्षण कर, पुलिस की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी ली। तत्तपश्चात थाना प्रभारी बनी कुमारी वर्षा पौनिया ने थाना कार्यालय में जनसुनवाई में बैठकर कई प्रकरणों को सुना तथा तत्काल मौके पर पुलिस टीम भेजकर कार्रवाई की, साथ ही थाना प्रभारी कुमारी वर्षा पौनिया ने थाना पुलिस टीम के साथ थाना नगला सिंघी क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की व थाना क्षेत्र में पैदल गश्त करते हुए अतिक्रमण हटवाया। पैदल गश्त के दौरान थाना प्रभारी कुमारी वर्षा पौनिया द्वारा आमजन से जन संवाद स्थापित कर मिशन शक्ति के संदर्भ में पूर्ण जानकारी दी। एक दिन की थाना प्रभारी बनी कुमारी बर्षा पौनिया ने कहा कि ह्लयह क्षण मेरे लिए गर्व और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। भविष्य में, मैं समाज की सेवा करने और महिलाओं के हक एवं सम्मान के लिए कार्य करने की इच्छा रखती हूं।ह्व साथ ही मिशन शक्ति के तीन प्रमुख बिंदु नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन और नारी सम्मान को रेखांकित करते हुए उन्हेने बताया कि इस प्रकार की पहल से छात्राओं व महिलाओं में आत्मविश्वास जागृत होगा और उन्हें समाज में अग्रणी भूमिका निभाने की प्रेरणा मिलेगी।

## वाराणसी रिजर्व पुलिस लाइन में एक दीया बलिदानियों के नाम पर जला



**वाराणस।** वाराणसी स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार शाम ह्यएक दीया बलिदानियों के नामह्व कार्यक्रम के तहत देश की रक्षा में शहीद हुए पुलिसकर्मियों और बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में सवा लाख दीप जलाकर हर एक दीपक को एक शहीद के नाम समर्पित किया गया। पुलिस कमिश्नर, पुलिसकर्मी, प्रशिक्षु महिला आरक्षी और अन्य अधिकारियों की सहभागिता से पूरा पुलिस लाइन परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन उन वीर सपूतों को समर्पित है, जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दीपक हमारे वीर शहीदों के अदम्य साहस और बलिदान का प्रतीक है। यह कार्यक्रम उनके परिजनों के प्रति सम्मान और समाज की एकजुटता के लिए है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित नागरिकों ने भी भाग लिया एवं दीप जलाकर शहीदों को नमन किया। आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि देश अपने वीरों के बलिदान को कभी नहीं भूलता और हर नागरिक उनके त्याग के प्रति कृतज्ञ है।

## सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत

**मीरजापुर।** चुनार कोतवाली क्षेत्र के मगरहा स्थित माता शांति इंटर कॉलेज के सामने कछवाह्नचुनार घाट राजमार्ग (74) पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। बाइक सवार इंतजार (24) पुत्र कुर्शीद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका बड़ा भाई अब्दुल रहमान (35) ने इलाज के दौरान वाराणसी ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया।

दोनों भाई कछवा थाना क्षेत्र के पसियाही गांव के निवासी थे। मगरहा में वाहन सर्विस व धुलाई का काम करते थे। देर शाम दुकान बंद कर घर लौटते समय किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

## दलित नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के दोषी युवक को 25 वर्ष की कैद, 55 हजार रुपए जुमार्ना



**जौनपुर।** दीवानी अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) उमेश कुमार की अदालत ने मछली शहर थाना क्षेत्र में 2 वर्ष पूर्व नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को शुक्रवार को 25 वर्ष के सश्रम कारावास व 60000 रूपए अर्थदंड से दंडित किया।अभियोजन कथानक के अनुसार मछली शहर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने 19 अगस्त 2023 को अभियोग पंजीकृत करवाया कि उसकी साढ़े 17 वर्षीय पुत्री को 9 अगस्त 2023 को सुबह 4:00 बजे दीपक बिंद निवासी पीरपुर बहला-फुसलाकर व शादी का झांसा देकर भगा ले गया था। लड़की के वापस आने पर उसे लेकर आया हूं। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सभी गवाह पक्षद्रोही हो गए थे। शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार उपाध्याय व कमलेश राय के द्वारा सम्यक पैरवी की वजह से गवाहों के बयान से मुकर जाने के बावजूद अदालत ने अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी युवक को उक्त दंड से दंडित किया।इस मामले में जानकारी देते हुए शासकीय अधिवक्ता राजेश उपाध्याय ने बताया कि अदालत ने गवाहों के बयान के आधार पर सजा सुनाई गई है।लेकिन ठोस सबूतों के आधार पर उक्त सजा न्यायाधीश द्वारा सुनाई गई है।जिससे पीड़ित के परिजन खुश हैं उन्हें न्यायालय के आदेश पर भरोसा जताया है।

## कोविड काल में माता पिता को खोने वाले बच्चे न महसूस करें अकेला, प्रशासन और सरकार उनके साथ हर पल : डीएम




**कानपुर।** जिन बच्चों ने कोविड महामारी में अपने माता पिता दोनों को खो दिया। गम के अंधेरे से गुजर चुके इन बच्चों के चेहरों पर एक खास मुस्कान लाने के उद्देश्य से उन्हें मिठाई, दीया-बत्ती, चॉकलेट और किताबें भेंट करी। साथ ही एक अभिभावक के रूप में वे हर पल उनके साथ खड़े हैं। यह बातें शुक्रवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कही।

जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत शून्य से अठारह वर्ष की आयु तक के बच्चों को प्रतिमाह चार हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। तेईस वर्ष की आयु पूरी होने पर उन्हें दस लाख रुपये की एकमुश्त धनराशि मिलेगी जिससे उनकी उच्च शिक्षा और जीवन की राह आसान होगी। सभी बच्चों को आयुष्मान भारत योजना से पाँच लाख रुपये का स्वास्थ्य कवरेज उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त लैपटॉप और टैबलेट भी वितरित किए गए हैं, ताकि पढ़ाई में किसी तरह की बाधा न आए।

जिलाधिकारी ने बच्चों से कहा कि वे उनके जैविक पिता नहीं हैं लेकिन एक जिलाधिकारी के रूप में उनके वैधानिक अभिभावक हैं और उनकी देखभाल अभिभावक की तरह करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कोई भी बच्चा खुद को अकेला महसूस न करे, प्रशासन और सरकार हर पल उनके साथ है।

संवाद के दौरान बच्चों ने अपने सपनों को साझा किया। किसी ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई, किसी ने इंजीनियर या चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का लक्ष्य रखा। कुछ बच्चों ने एथलीट बनने का सपना बताया तो कई ने आईएएस और आईपीएस बनकर देश की सेवा करने का संकल्प लिया।


जिलाधिकारी ने बच्चों को करियर काउंसलिंग दी और समझाया कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और धैर्य से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने लक्ष्य की ओर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

कक्षा दसवीं की छात्रा गरिमा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वजह से उनके सपने ज़िंदा हैं। योजनाओं से मिलने वाली मदद से पढ़ाई बेहतर तरीके से हो रही है। उन्होंने कहा कि दीपावली को खास बनाने के लिए जिलाधिकारी का आभार है। सिंधुजा यादव ने कहा कि इस आयोजन से उन्हें यह एहसास हुआ कि वे अकेली नहीं हैं। समाज और प्रशासन हर कदम पर उनका संबल बने हुए हैं।

## बीएचयू के लापता छात्र की जनहित याचिका निस्तारित

**प्रयागराज,।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने लापता बीएचयू छात्र शिव कुमार त्रिवेदी के मामले में ट्रायल कोर्ट से अपेक्षा की है कि मामले की त्वरित सुनवाई की जाएगी। यह टिप्पणी मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली एवं न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने जनहित याचिका निस्तारित करते हुए की है।

## नगर निगम मुरादाबाद ने भव्य ड्रोन शो के साथ जलाए 11 लाख दिए



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के नगर निगम मुरादाबाद के द्वारा शुक्रवार को मुरादाबाद महानगर में मंडलीय भव्य ड्रोन शो का आयोजन किया गया। इस दौरान महानगरवासी आकाशीय रामलीला के साक्षी बनें। आसमान से लेकर धरती तक चारों तरफ अद्भुत नजारा देखने को मिला। शो में डेढ़ हजार ड्रोन शामिल हुए जिसके माध्यम से श्रीराम के आदर्शों और सामाजिक संदेशों की झलक आसमान में प्रदर्शित की गई। इसके अलावा आवास विकास बुद्ध विहार फेस-दो में सर्किट हाऊस में 11 लाख दिए भी जलाए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने सर्वप्रथम अपने हाथ से दीप प्रज्वलित का कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# विकसित उत्तर प्रदेश का दुबई प्रवासियों ने किया डिजिटल संकल्प

**मथुरा।** दुबई (यूएई) में इंडिया क्लब के सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित विजन का समर्थन करते हुए उत्तर भारतीय प्रवासियों ने डिजिटल माध्यम से सुझाव प्रदान किये।

मथुरा होलीगेट अंदर के निवासी एवं दुबई यूएई कार्यक्रम के संचालक एवं संस्था के महासचिव डा. साहित्य चतुर्वेदी ने इस आशय की जानकारी देते हुए शुक्रवार को बताया कि उत्तर प्रदेश में अवस्थित यमुना और गंगा की प्राकृतिक शोभा, प्रत्येक नगर की कार्य कौशलता, मथुरा के पेड़े, हाथरस के मसाले, कन्नौज के इत्र, कानपुर के उद्योग, बनारस की साड़ियाँ , आगरा जिले की दालमौठ आदि अनेकों उद्योगों ,पर्यटन, शिक्षा, संस्कृतियों और फिल्म उद्योग से सम्बन्धित सैकड़ों सुझाव एकत्रित किये गये ।

विदित रहे कि, उत्तरभारत के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री पंकज जेसवाल के निर्देशन में विकसित उत्तर प्रदेश के लिए प्रवासियों के सुझाव आमंत्रित करने की राजकीय पहल का संस्था के अध्यक्ष डा. राजेश अग्रवाल ने स्वागत किया तथा अतिथियों का स्वागत सिंधी समाज के अध्यक्ष चंद्रशेखर भाटिया द्वारा किया गया ।

## सत्तू या बेसन... दोनों में से क्या है ज्यादा फायदेमंद एक्सपर्ट से जानें



**सत्तू और बेसन दोनों ही सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं. इन्हें अलग-अलग तरह से डाइट में शामिल किया जा सकता है. लेकिन इन दोनों में से सबसे ज्यादा क्या फायदेमंद होता है और किस तरह से उसे डाइट में शामिल करन चाहिए. आइए जानते हैं इसके बारे में एक्सपर्ट की राय**

सेहतमंद रहने के लिए लाइफस्टाइल और खानपान का सही होना बहुत जरूरी है. इसके लिए लोग सब्जियों और फलों के अलावा भी अलग-अलग चीजों का सेवन करते हैं. इसमें बेसन और सत्तू भी शामिल है. गर्मी में लोग सत्तू की ड्रिंक बनाकर पीते हैं और बेसन का चिल्ला और कई तरह की चीजें बनाकर खाई जाती हैं. इन दोनों को डाइट का हिस्सा बनाना कई तरह से सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है. जिन्हें बहुत सी हेल्दी चीजें बनाकर डाइट में शामिल किया जाता है.बेसन और सत्तू दोनों ही दिखने में एक जैसे लगते हैं. लेकिन इन दोनों के पोषक तत्वों और इसे खाने की तरीके में बहुत फर्क होता है. इनसे वजन कम करने में भी मदद मिल सकती है. लेकिन इन दोनों में से सेहत के लिए क्या ज्यादा फायदेमंद है. आइए जानते हैं इसके बारे में

**एक्सपर्ट सेसत्तू**

जयपुर की आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता ने बताया कि सत्तू भुने और सिके हुए चनो को पीसकर बनाया जाता है. यह हल्का और सुपाच्य होता है. इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम और यह प्रोटीन का अच्छा सोर्स होता है. इसे आप दूध, छाछ या पानी में घोलकर उसमें थोड़ा नमक या चीनी, प्याज, अदरक और हरी मिर्च मिलाकर जैसा आपको पसंद हो इसका सेवन कर सकते हैं. इससे पेट भरा महसूस होगा, शरीर को एनर्जी मिलती है और वजन कम करने में भी यह फायदेमंद होता है. इसकी तासीर ठंडी होती है और इससे मिठाई भी बनाई जा सकती है. इसके अलावा इसका सेवन कई तरह से किया जा सकता है.

**बेसन**

बेसन प्रोटीन का अच्छा सोर्स होता है. यह पचने में थोड़ा भारी होता है. इसे रात के समय या ज्यादा मात्रा में न खाया जाए, तो ज्यादा सही रहेगा. खासकर जिन लोगों का डाइजेशन कमजोर होता है. कमजोर लोगों के लिए यह अच्छा होता है. जो लोग ताकतवर बनना चाहते हैं वह बेसन और ड्राई फ्रूट्स से बने लड्डू खा सकते हैं. जिन लोगों को कमजोरी ज्यादा महसूस होती है, अगर वह सुबह बिस्किट की जगह भुने हुए बेसन के 1 से 2 चम्मच को दूध में मिलाकर पिए, तो यह हेल्दी ड्रिंक बन जाता है. इसमें ड्राई फ्रूट्स भी शामिल कर सकते हैं. एक्सपर्ट ने बताया कि बेसन को अगर तल कर खाया जाए जैसे कि कुछ लोग पकौड़े बनाकर खाना पसंद करते हैं, तो यह पेट में गैस बनने और वजन बढ़ने का कारण बन सकता है. जितना बेसन में तेल मिलाएंगे यह उतना ही एसिडिक बन जाएगा.

**क्या है ज्यादा फायदेमंद?**

बेसन और सत्तू दोनों ही सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं. लेकिन इसे खाने का तरीका भी मायने रखता है. अगर बेसन को भूनकर छाछ या दूध में मिलाकर पिया जाए, तो यह फायदेमंद होता है. इसमें भी अगर आप डाइजेशन ठीक है, तो यह आपके लिए अच्छा है. लेकिन अगर आप बेसन को ज्यादा तेल या घी के साथ खा रहे हैं, तो यह अनहेल्दी है. इसके अलावा अगर डाइजेशन कमजोर है, तो ऐसे में कम बेसन का सेवन करना चाहिए. इसके अलावा सत्तू में तेल डालने की जरूरत नहीं होती. इसे आप छाछ या पानी के साथ मिलाकर पी सकते हैं. उसमें नींबू या टमाटर जैसे चीजें डाल सकते हैं.

## लूटने को ललचाता लद्दाख




पहाड़ के लोग कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन करते हैं और उनके लिए मुख्यधारा के धन्ना सेठों से प्रतिस्पर्धा कर पाना संभव नहीं होता। यदि खुले खेल की नौबत आती है तो स्थानीय लोग तात्कालिक लाभ के लालच में अपनी जमीनों और संसाधनों से वंचित हो जाएंगे। इस समझ के चलते ही चुनी हुई विधानसभा के साथ संविधान की छठी अनुसूची के प्रावधान लागू करने की मांग उठने लगी थी।

लद्दाख पिछले कुछ वर्षों से कुछ मुद्दों को लेकर आंदोलित है। वहां धारा 370 हटने की खुशी मनाई गई थी, क्योंकि वह काश्मीर के निजाम में उपेक्षित महसूस करता था। नई व्यवस्था बनने से केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा मिल गया, किन्तु धीरे-धीरे समझ आने लगा कि बिना विधानसभा के केन्द्रशासित प्रदेश का दर्जा आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर पाएगा। चुने हुए स्थानीय प्रतिनिधियों वाली विधानसभा के बिना यहां की जन-अपेक्षाओं को समझना और पूरा कर पाना संभव नहीं है। खासकर वहां की जमीनों पर, जिनकी खरीद-बिक्री पर धारा 370 की वजह से रोक लगी थी, बाहरी कब्जे का खतरा पैदा हो गया था।

पहाड़ के लोग कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन करते हैं और उनके लिए मुख्यधारा के धन्ना सेठों से प्रतिस्पर्धा कर पाना संभव नहीं होता। यदि खुले खेल की नौबत आती है तो स्थानीय लोग तात्कालिक लाभ के लालच में अपनी जमीनों और संसाधनों से वंचित हो जाएंगे। इस समझ के चलते ही चुनी हुई विधानसभा के साथ संविधान की छठी अनुसूची के प्रावधान लागू करने की मांग उठने लगी थी, जिसका सत्तारूढ़ पार्टी और केन्द्र सरकार ने वादा भी किया था।विशालकाय सौर-ऊर्जा और पवन-ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 80 वर्ग किलोमीटर जमीन पांग क्षेत्र में अधिग्रहण की गई है। 21 मार्च 2003 को राज्यसभा में सूचना दी गई थी कि पांग, डबिंग, और खरनाक में सौर, पवन उर्जा के लिए 250 वर्ग किलोमीटर जमीन अधिग्रहण की जाएगी। 2070 मेगावाट जलविद्युत बनाने की भी योजना है। लद्दाख में बहुत से दुर्लभ खनिज पाए जाते हैं जिनके परिवहन के लिए विशाल सड़क और रेल परियोजनाएं हैं। कुछ खनन पट्टे दिए भी गए हैं। जाहिर है, स्थानीय चुनी हुई सरकार न होने से इतने बड़े पैमाने पर कॉर्पोरेट घरानों के परियोजना-कार्यों से पर्यावरण को होने वाली हानि को कौन रोक सकेगा? जिन कॉर्पोरेट कंपनियों को अपने लाभ के अलावा कुछ नहीं दिखता, उनके भरोसे स्थानीय लोग इस संवेदनशील पर्यावरण को नहीं छोड़ना चाहते।

%छठी अनुसूची% के प्रावधान लागू होने से स्थानीय व्यवस्था को इन परियोजनाओं की मनमानी रोकने के कुछ कारगर उपकरण मिलेंगे। यह तो देशहित में ही है कि स्थानीय लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करके विकास को पर्यावरण-सम्मत दिशा दी जाए। इससे वैकल्पिक तकनीकों के सुझाव भी मिल सकेंगे जिससे इन परियोजनाओं के पर्यावरणीय नुकसान को कम किया जा सकेगा। स्थानीय लोग कैसे इन कार्यों से आर्थिक रूप से लाभान्वित हो सकेंगे, यह भी देखना संभव होगा।इसी के साथ कारगिल और लेह के लिए दो अलग-अलग लोकसभा सीटें और नौकरियों में स्थानीय निवासियों को संरक्षण की मांग है। ये मांगें किसी भी हालत में संविधान से बाहर नहीं हैं। संविधान के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत अन्य कई राज्यों में आर्थिक और सामाजिक तौर पर पिछड़े समुदायों को इस तरह के संरक्षण दिए गए हैं। लद्दाख में 90 से 95 प्रतिशत आबादी जनजातीय समुदायों की है जिनकी विशिष्ट संस्कृति है। आर्थिक-सामाजिक रूप से भी ये लोग कठिन जलवायु और अति संवेदनशील पारिस्थितिक हालत में रहने के कारण हाशिए पर रहने वाले लोग हैं।इन आधारों पर उनकी मांगें तर्क-सम्मत ही हैं। हां, उनमें संवाद से कुछ घटा-बढ़ी तो की ही जा सकती है, किन्तु सरकार ने इस मामले को लटका कर पेंचीदा बनाने का काम किया है। आन्दोलनकारी लंबे समय से आशावान थे। जाहिर है, ऐसे में कुछ लोग थकावट भी महसूस करने लगते हैं। इतना समय बार-बार देना भी संभव नहीं होता, क्योंकि रोटी-रोजी भी कमानी पड़ती है। ऐसे दबाव में आन्दोलन या तो असफल होकर चुप बैठ जाते हैं या जल्दबाजी में हिंसा को बुरा न मानने वाले नेतृत्व के हाथ में खिसक जाते हैं। इसके अनेक उदाहरण हैं जहां सरकारों ने थकाकर आंदोलनों को असफल करने का हथकंडा अपनाया।लद्दाख के मामले में भी लगभग यही सोच काम कर रही थी। बातचीत की कुछ पहलें तो हुईं, किन्तु परिणाम नहीं निकल सके। इससे क्षुब्ध कुछ युवाओं ने लद्दाख में पिछले दिनों अवांछित तोड़-फोड़ करके अपने ही आन्दोलन को कमजोर करने की गलती कर दी। 24 सितंबर को अनशन पर बैठे लोगों में से कुछ की हालत बिगड़ने के कारण भी उपेक्षा-जनित क्रोध हावी हो गया। इससे सरकारों को आन्दोलन के नेतृत्व को कैद करने का बहाना मिल गया और समाज की सहानुभूति बटोरने के प्रयास आन्दोलन विरोधी शक्तियों द्वारा किये जाने लगे।प्रशासन की ओर से गोलीबारी करके स्थिति को संभालने के अन्य उपायों-हल्के लाठीचार्ज, आंसूगैस, रबड़ की गोलियों के विकल्प, पानी की बौछार आदि प्रयोग किये बिना सीधे गोली चलाई, वह भी टांगों पर चलाने के बजाये घातक तरीके से चलाई गई जिसमें चार युवाओं की दुखद मृत्यु हो गई। इस तरह की घटनाएं समस्या के समाधान में दोनों ही तरफ से बाधक सिद्ध होती हैं जिनसे आन्दोलनकारियों, सरकारों और प्रशासन को बचना चाहिए था। अब सारी जिम्मेदारी सोनम वांगचुक पर डालकर, हालात को समाधान से हटाकर आपसी अवांछित अहंकार की प्रतिस्पर्धा की ओर मोड़ देना दीर्घकालीन देशहित में नहीं है।ऐसे में शीघ्र बातचीत द्वारा मसले के जरूरी तत्वों को समझकर फैसला किया जाना चाहिए। सोनम वांगचुक के चरित्रहनन के प्रयास निंदनीय हैं। %एफसीआरए% (फॉरेन कन्ट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट) के प्रावधानों के उल्लंघन का आरोप लगाया जा रहा जिनका हर साल निरीक्षण होता है। आज जब सोनम आन्दोलन का नेतृत्व करने लगे तभी उन प्रावधानों के उल्लंघन की बात क्यों की जाने लगी? इसका अर्थ तो यह हुआ कि इन प्रावधानों का प्रयोग समय-समय पर सरकार ऐसी आवाजों को कुचलने के लिए करती है जिनको वह नापसंद करती है।

सोनम एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं जिनको विश्वभर में अनेकों पुरुस्कार मिले हैं। भारत के पद्मपुरुस्कार भी उनको शिक्षा और प्रयोगात्मक विज्ञान के क्षेत्र में योगदान के लिए दिए गए हैं। जो व्यक्ति ग्लेशियर और हिमालय के संवेदनशील पर्यावरण को बचाने के कार्य में लगा हो उसके ऊपर आप संदेह कैसे कर सकते हैं? सेना के लिए कम खर्च में सौर-ऊर्जा से गर्म आवास बनाकर उन्होंने सैनिक कार्यों में भी सहयोग किया है। उनकी कोई राजनैतिक महत्वाकांक्षा भी नहीं है। वह तो केवल अपने इलाके की बेहतरी और पर्यावरणीय टिकाऊपन के लिए कुछ शासकीय प्रावधानों की मांग में जन आकांक्षा के साथ है।

सम्मानित व्यक्तित्व होने के कारण लोगों ने उसके नेतृत्व में काम दिया है।सोनम ने आन्दोलन के हिंसात्मक होते ही अनशन समाप्त करके आन्दोलन को शांतिपूर्ण बनाए रखने की अपील की और शांति स्थापना का प्रयास किया। समय और परिस्थिति की मांग है कि सोनम वांगचुक को तत्काल रिहा किया जाए और लद्दाख में जो जरूरी वैधानिक और प्रशासनिक सुधार की जरूरत है, उनको आपसी सहमति और सूझ-बूझ से लागू किया जाए। देश के सीमा क्षेत्र में, जहां दोनों ओर विरोधी बैठे हों, समाज के मन में यह भाव पैदा होने नहीं दिया जा सकता कि उनकी कोई सुनवाई नहीं है। केंद्र सरकार तत्काल समस्या के समाधान के लिए पूरी सदाशयता से सक्रिय होकर हालात को सामान्य बनाकर लद्दाख के लोगों के विश्वास को जीतने का काम करे, यही देशहित में है।

### संपादकीय

## एक नायाब साल

पहली नजर में बड़े पद की चमक-दमक का अपना सम्मोहन होता है, लेकिन हकीकत में जिम्मेदारी-जवाबदेही व विपरीत चुनौतियों में सामंजस्य बैठाना कांटों का ताज पहनने जैसा ही होता है। अंतहीन जन-अपेक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरना उतना ही कठिन होता है। वैसे किसी सत्ता का एक साल बहुत लंबी अवधि नहीं होती। उसके आधार पर अंतिम मूल्यांकन करना भी जल्दबाजी ही कही जाएगी, लेकिन इससे किसी नेतृत्व या सरकार की दिशा-दशा को बोध तो हो जाता है। कमोबेश, यह कसौटी हरियाणा में एक साल पूरा कर रही नायब सैनी सरकार के लिये भी है। सामाजिक न्याय के समीकरण संतुलन की कवायद के क्रम में भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री पद तक पहुंचने वाले नायब सैनी की इस पद पर ताजपोशी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पसंद रही है। जब नरेंद्र मोदी चंडीगढ़-हरियाणा में संगठन का दायित्व निभा रहे थे, तो सैनी उनके कार्यालय सहयोगी थे। इस मायने में बिना राजनीतिक व समृद्ध आर्थिक पृष्ठभूमि के राज्य के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचने को एक बड़ी कामयाबी कहा जा सकता है। उनके राजनीतिक विरोधी भी उनकी सदाबहार मुस्कान-विनोदप्रियता के कायल रहे हैं। वे विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेताओं को सम्मान सार्वजनिक रूप से देते नजर आते हैं, लेकिन पिछले विधानसभा सत्र में मुद्दों पर विपक्षी नेताओं को आड़े हाथों लेने से भी वे नहीं चूके। वैसे तो उनके एक साल के कार्यकाल में कई चुनौतियां सामने आती-जाती रही हैं, लेकिन हाल ही में एडीजीपी वाई.पूरन कुमार व एएसआई संदीप लाठर की आत्महत्या ने सरकार के सामने असहज स्थिति व बड़ी चुनौती पेश की। हालांकि, देर से ही सही फौरी तौर पर मामले का पटाक्षेप हुआ, लेकिन इस दौरान मुख्यमंत्री ने मुद्दे की संवेदनशीलता को महसूस कर कदम बढ़ाए। एडीजीपी द्वारा आत्महत्या की खबर उन्हें जापान दौरे के दौरान मिली तो उन्होंने दौरे में शामिल उनकी पत्नी अमनीत को अधिकारियों के साथ तुरंत भारत भेजा। भारत आते ही खुद भी वे सीधे एडीजीपी के घर संवेदना व्यक्त करने पहुंचे, तो एएसआई संदीप लाठर के घर भी परिवार को संबल देने गएबहरहाल, ट्रिपल इंजन सरकार का लाभ नायब सैनी को जरूर मिला है। कई विकास योजनाएं कायदे से सिरे चढ़ी हैं। लेकिन लाडो लक्ष्मी योजना ट्रंप कार्ड साबित हुई है। विधानसभा चुनावों में इस योजना के वायदे का छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र चुनावों की तर्ज पर हरियाणा में भी भाजपा को खासा लाभ मिला। मिले परिणामों ने तमाम कयासों को निरर्थक साबित किया। हर जरूरतमंद महिला को सरकार की तरफ से 21 सौ रुपये मिलना, उन्हें आर्थिक स्वावलंबन देना ही है। पहले चरण में बाइस लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। निस्संदेह, कमजोर वर्ग के लोगों के लिये अपनी छत का सपना पूरा करना एक दुष्कर कार्य है। हरियाणा सरकार ने दस हजार से अधिक आबादी वाले महाग्रामों में गरीबों को पचास-पचास गज व छोटे गांवों में सौ-सौ गज के प्लाट उपलब्ध कराये। शहरों में ये 25 गज के रहे। वहीं प्रधानमंत्री आवास निर्माण योजना के तहत मिलने वाले ढाई-ढाई लाख रुपये ने उनके घर के सपने को हकीकत बनाया। मुख्यमंत्री नायब सैनी की खासियत लोगों के साथ सहज उपलब्धता है। उनकी सुबह कबीर कुटीर में जन संवाद से शुरू होती है और रात फाइलों के साथ खत्म होती है। जनता के लिये सहज उपलब्धता और निरंतर संवाद लोकतंत्र की अपरिहार्य शर्त होती है। उनके चंडीगढ़ आवास में सुबह से ही मिलने वाले लोगों का तांता लगा रहता है। निस्संदेह, आम जन ही सरकार को बेहतर फीडबैक दे सकते हैं, जो नौकरशाही की जटिलताओं के चलते सहज अभिव्यक्ति नहीं दे पाते। बेरोजगारी की समस्या किसी भी सरकार के लिये बड़ी चुनौती होती है। राज्य में चौबीस हजार बेरोजगारों को ग्रुप सी की नौकरियां देना राज्य सरकार की उपलब्धि के तौर पर देखा गया। वहीं लोकसेवा आयोग के माध्यम से 1311 पदों पर चयन और एचकेआरएन पोर्टल को पारदर्शी भर्ती प्रणाली के रूप में विकसित करना, राज्य सरकार की रोजगार के साथ स्थायित्व की नीति का संकेत माना जा सकता है।

## ट्रम्प की अनिश्चितता का ज़हरीला मिश्रण बना रहा सोना को एक सुरक्षित पनाहगाह

गिरता तेल, बढ़ता सोना, अस्थिर डॉलर और व्यापार शत्रुता - एक खूनी मिश्रण, अनिश्चितता का एक जहरीला मिश्रण पैदा कर रहा है जो नीति निर्माताओं के पास बहुत कम आसान विकल्प छोड़ता है। निवेशक लगभग हर दिन अपने पोर्टफोलियो को पुनर्संयोजित कर रहे हैं, तथा यह सुनिश्चित नहीं कर पा रहे हैं कि अगला नीतिगत झटका किस ओर जाएगा। औसत उपभोक्ता के लिए, इसके निहितार्थ मिश्रित हैं।

पिछले कई हफ़्तों से जारी गिरावट के बाद मंगलवार को खनिज तेल की कीमतें पांच महीनों के अपने सबसे निचले स्तर पर आ गईं। बेंचमार्क ब्रेंट और वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड वायदा, दोनों में काफ़ी गिरावट आई है, जिससे साल की पिछली बढ़त काफ़ी कम हो गई है। इसके ठीक विपरीत, सोना अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है, और आर्थिक अनिश्चितता के हर गुज़रते दिन के साथ इसकी चमक और भी निखरती जा रही है। एक ही साथ तेल में गिरावट और सोने में उछाल एक बेचैन वैश्विक माहौल को दर्शाता है– और, हाल के कई अन्य आर्थिक झटकों की तरह, दोनों ही घटनाक्रमों का डोनाल्ड ट्रम्प से कुछ न कुछ लेना-देना प्रतीत होता है। अमेरिकी राष्ट्रपति अपने व्यापार और राजकोषीय घोषणाओं के ज़रिए मौजूदा तनाव को काफ़ी हद तक बढ़ा रहे हैं। चीनी वस्तुओं पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने के उनके फैसले ने उस व्यापार युद्ध को फिर से भड़का दिया है जिसके बारे में बाजारों को उम्मीद थी कि यह हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा।इस समय को इतना विस्फोटक बनाने वाली बात सिर्फ़ नीति ही नहीं, बल्कि इसका समय भी है। वैश्विक अर्थव्यवस्था अभी भी महामारी के बाद की मंदी से जूझ रही है, जिसमें महाद्वीपों में असमान विकास, अस्थिर उपभोक्ता मांग और बढ़ती भू-राजनीतिक असुरक्षाएं हैं। ऊर्जा व्यापारी, जो पहले से ही मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन को लेकर चिंतित हैं, अब कमजोर वैश्विक व्यापार के खतरे का सामना कर रहे हैं। इसका नतीजा तेल वायदा में बिकवाली के रूप में सामने आया है, और बाजार यह दांव लगा रहा है कि अगर अमेरिका और चीन अपने टैरिफ युद्ध को फिर से शुरू करते हैं, तो कच्चे तेल की खपत की रीढ़, औद्योगिक गतिविधि और धीमी हो जाएगी। अमेरिका में बढ़ते तेल भंडार की खबरों और ओपेक + सदस्यों द्वारा चुपचाप अपने उत्पादन कोटा से अधिक उत्पादन करने के संकेतों ने अतिआपूर्ति की भावना को और गहरा कर दिया है। जब आपूर्ति बढ़ती है और मांग कम होती है, तो तेल का गिरना लगभग अपरिहार्य हो जाता है।लेकिन कहानी कच्चे तेल के पतन के साथ खत्म नहीं होती। दरअसल, यह चमकदार अक्षरों में लिखी जा रही एक और कहानी- सोने का तेज़ी से बढ़ता उछाल- का प्रतिबिम्ब है। जो निवेशक कभी ऊर्जा या शेयरों की स्थिरता में शरण लेते थे, वे अब उस परिसंपत्ति वर्ग में अपना दांव लगा रहे हैं जो भय और अनिश्चितता पर फलता-फूलता है। सोने का सर्वकालिक उच्च स्तर पारंपरिक %सुरक्षित-आश्रय% व्यवहार से प्रेरित है- जब दुनिया अस्थिर दिखती है, तो पैसा उस एकमात्र वस्तु में प्रवाहित होता है जिसने कभी डिफ़ॉल्ट नहीं किया, या यूं कहें-धोखा नहीं दिया। जैसे-जैसे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार घर्षण बढ़ता जा रहा है, और केंद्रीय बैंकर अधिक आक्रामक मौद्रिक ढील के संकेत दे रहे हैं, सोने का आकर्षण अप्रतिरोध्य होता जा रहा है। तेल के गड्ढों में हर कंपन सोने की कीमत में कु छ और डॉलर जोड़ देता है।



ट्रम्प कारक भी है। उनके मुखर व्यापार बयानबाजी की वापसी ने उन बाजारों को हिला दिया है जो अपेक्षाकृत शांत थे। जब उन्होंने सभी चीनी आयातों पर 100फीसदी टैरिफ लगाने की अपनी योजना की घोषणा की, तो यह केवल एक नीतिगत खतरा नहीं था; यह एक राजनीतिक संकेत था। ट्रंप का संदेश उनके घरेलू समर्थकों के एक वर्ग को रास आ रहा है, जो मानते हैं कि चीन ने अमेरिकी उद्योग को खोखला कर दिया है। लेकिन यह वैश्विक बाजारों को बेचैन कर रहा है, जिन्हें 2018-19 में वाशिंगटन और बीजिंग के बीच हुए पिछले व्यापार युद्ध की याद है, वह दौर जब वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में मंदी आई थी, वस्तुओं की कीमतों में गिरावट आई थी, और निवेशकों का विश्वास कम हुआ था। इस बार फर्क यह है कि दुनिया ज़्यादा नाजुक है। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति हाल ही में कम हुई है, ब्याज दरें ऊंची बनी हुई हैं, और जोखिम उठाने की क्षमता कम है।ट्रंप के टैरिफ़ हमले ने पहले ही बीजिंग की प्रतिक्रियाएं भड़का दी हैं, जिसने जवाबी उपायों के संकेत दिए हैं। यह खतरा अकेले ही वैश्विक निवेशकों को सुरक्षित समझी जाने वाली संपत्तियों की ओर धकेलने के लिए पर्याप्त है। वही व्यापारी जो तेल वायदा बेच रहे हैं, वे सोना खरीद रहे हैं। यह विपरीत संबंध नया नहीं है, लेकिन यह शायद ही कभी इतना नाटकीय रहा हो जितना अभी है। जब वैश्विक चिंता बढ़ती है तो सोना और तेल अक्सर विपरीत दिशाओं में चलते हैं - एक औद्योगिक आशावाद का बैरोमीटर होता है, दूसरा अराजकता के खिलाफ बचाव का। यह तथ्य कि दोनों एक ही राजनीतिक आवेग से प्रभावित हो रहे हैं, आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था की परस्पर संबद्ध प्रकृति को रेखांकित करता है।सुर्खियों के पीछे, अमेरिकी फ़ेडरल रिज़र्व इस उभरते हुए नाटक में एक महत्वपूर्ण, भले ही कम करके आंका गया हो, भूमिका निभा रहा है। आगे ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों ने सोने की तेज़ी को और बढ़ावा दिया है। कम ब्याज दरें सोने जैसी गैर-उपज वाली संपत्तियों को और अधिक आकर्षक बनाती हैं, क्योंकि उन्हें धारण करने के अवसर की लागत कम हो जाती है। अमेरिकी विकास में मंदी और रोज़गार के कम होते आंकड़ों के बीच, फ़ेडरल रिज़र्व के नरम रुख़ के संकेतों ने निवेशकों को यह विश्वास दिलाया है कि और अधिक मौद्रिक ढील आने वाली है। ट्रम्प लंबे समय से इस तरह के रुख़ के पक्षधर रहे हैं - उन्होंने अपने इस विश्वास को कभी नहीं छिपाया कि सस्ता पैसा बाज़ारों को गति देता है और विकास को स्थिर रखता है। विडंबना यह है कि जहां उनकी व्यापार नीतियां दहशत फैला रही हैं, वहीं ब्याज दरों में कटौती के लिए फ़े डरल रिज़र्व पर उनका अप्रत्यक्ष दबाव सोने को और अधिक आकर्षक बना रहा है। यह एक अजीबोगरीब सहजीवन है- ट्रम्प के टैरिफ़ का डर सोने की मांग को बढ़ाता है, जबकि ट्रम्प के पसंदीदा कम ब्याज दर वाले माहौल की उम्मीद इसे बनाए रखती है।इस बीच, तेल खुद को भू-राजनीति और वृहद आर्थिक परिदृश्य की उलझन में फंसा हुआ पा रहा है। एक ओर, ओपेक और उसके सहयोगियों ने कीमतों को सहारा देने के लिए उत्पादन में कटौती करने की कोशिश की है। दूसरी ओर, खासकर संयुक्त राज्य अमेरिका में, गैर-ओपेक उत्पादकों के उदय ने इन प्रयासों को कमजोर कर दिया है।

शेल उद्योग एक निर्णायक खिलाड़ी बन गया है, जो कीमतों के एक निश्चित सीमा से ऊपर बढ़ने पर बाजार में बाढ़ ला देता है। इसके साथ ही, व्यापार व्यवधानों के कारण वैश्विक मांग में कमी की धारणा को जोड़ दें, तो कच्चा तेल अपनी ही सफलता का शिकार दिखने लगता है। ट्रंप का अमेरिका-प्रथम दृष्टिकोण, जो घरेलू ऊर्जा स्वतंत्रता और मतदाताओं के लिए सस्ते गैसोलीन को प्राथमिकता देता है, समस्या को और बढ़ा देता है। उनका प्रशासन जितना अधिक उच्च उत्पादन और घरेलू स्तर पर कम कीमतों की वकालत करता है, वैश्विक तेल के लिए संतुलन बनाना उतना ही कठिन होता जाता है।इन प्रवृत्तियों का अभिसरण- गिरता तेल, बढ़ता सोना, अस्थिर डॉलर और व्यापार शत्रुता - एक खूनी मिश्रण, अनिश्चितता का एक जहरीला मिश्रण पैदा कर रहा है जो नीति निर्माताओं के पास बहुत कम आसान विकल्प छोड़ता है। निवेशक लगभग हर दिन अपने पोर्टफोलियो को पुनर्संयोजित कर रहे हैं, तथा यह सुनिश्चित नहीं कर पा रहे हैं कि अगला नीतिगत झटका किस ओर जाएगा। औसत उपभोक्ता के लिए, इसके निहितार्थ मिश्रित हैं। सस्ता तेल ईंधन की लागत कम कर सकता है, लेकिन लगातार अस्थिरता व्यापक आर्थिक विश्वास को कमज़ोर कर सकती है। सोने की बढ़ती कीमत, निवेशकों के लिए उत्साहजनक होने के साथ-साथ इस बात का संकेत भी है कि डर चरम पर है।

## किराड़ी विधानसभा में उप महापौर ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप महापौर जय भगवान यादव ने किराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने ढलाव घर से कूड़ा उठाने वाली एजेंसी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मशीन से कूड़ा उठाने के बाद बचा हुआ कचरा भी पूरी तरह से साफ किया जाए। इस मौके पर उन्होंने स्थानीय निवासियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उप महापौर ने मुबारकपुर डबास स्थित निगम विद्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि विद्यालय का मैदान सड़क से नीचा होने के कारण बरसात के समय जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। इस पर उन्होंने अधिकारियों को मैदान का स्तर सड़क के बराबर या ऊपर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में निगम दिल्लीवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान रोहिणी क्षेत्र की उपायुक्त रिशिता गुप्ता, निगम अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई, 54 हजार ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड टैबलेट्स बरामद, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसते हुए क्राइम ब्रांच की मध्य रेंज टीम ने एक शातिर ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 54,000 ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड (Treken-100) टैबलेट्स बरामद की हैं। जिनकी कीमत करीब 32 लाख बताई जा रही है। ये टैबलेट्स नशीले और प्रतिबंधित दवाओं की श्रेणी में आती हैं। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मदनपुर खादर इलाके में नशीली दवाओं की सप्लाई की जा रही है। सूचना के आधार पर टीम ने मेहक अपार्टमेंट, मादनपुर खादर एक्सटेंशन-I, सरिता विहार के पास जाल बिछाया। शाम करीब 6:30 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। जिसकी पहचान मादनपुर खादर निवासी मोहम्मद अबिद (50) के रूप में हुई। कानूनी प्रक्रिया के तहत तलाशी लेने पर अबिद के पास से एक बड़े कार्टन बैग में छिपाई गई 54,000 ट्रामाडोल टैबलेट्स बरामद हुईं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपित अबिद ने खुलासा किया कि उसका साला मोहम्मद जावेद खान भी इस धंधे में शामिल है और वह ही दवाओं की सप्लाई करता था। पुलिस ने 8 से 10 अक्टूबर के बीच जसोला विहार और जोहरी फार्म, जामिया नगर में कई जगह छापेमारी की, लेकिन जावेद पुलिस के हाथ नहीं लगा।

## बीआर आंबेडकर कॉलेज मामले में डीयू ने गठित की जांच समिति

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने बीआर आंबेडकर कॉलेज में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की संयुक्त सचिव दीपिका झा द्वारा एक संकाय सदस्य पर शारीरिक हमले की घटना की जांच के लिए डीयू ने एक जांच समिति का गठन किया। इस छह सदस्यीय समिति की अध्यक्षता प्राणि विज्ञान विभाग की प्रो. नीता सहगल करेंगी। यह समिति मामले की जांच करेगी और यथाशीघ्र अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कमेटी को दो सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर के कमेटी जल्दी रिपोर्ट दे ताकि दोषियों पर उचित कार्रवाई की जा सके। जांच कमेटी में इसकी चेयरपर्सन प्रो. नीता सहगल के साथ डीयू की ज्वाइंट प्रॉक्टर प्रो. ज्योति त्रेहन शर्मा को सदस्य सचिव बनाया गया है। उनके साथ हंसराज कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. (डॉ.) रमा, पर्यावरण अध्ययन की प्रो. स्वाति दिवाकर, पीजीडीएवी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. दरविंदर कुमार और ज्वाइंट प्रॉक्टर प्रो. अवधेश कुमार को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

## ट्रांसजेंडर शिक्षिका को सुप्रीम कोर्ट से मिला न्याय, दो स्कूलों से बर्खास्तगी पर मिलेगा मुआवजा

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर महिला शिक्षिका जेन कौशिक के पक्ष में फैसला सुनाया है, जिन्हें उत्तर प्रदेश और गुजरात के दो निजी स्कूलों ने उनकी लैंगिक पहचान के कारण नौकरी से बर्खास्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर शिक्षिका जेन कौशिक के पक्ष में बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि लिंग पहचान के आधार पर नौकरी से निकालना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। इसलिए जेन कौशिक को मुआवजा दिया जाएगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने यह फैसला दिया। कोर्ट ने कहा कि लिंग पहचान के आधार पर नौकरी से निकाले जाने पर उसे मुआवजा दिया जाएगा। फैसले में ट्रांसजेंडर के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक गाइडलाइन भी बनाई है और सरकार को इसके लिए एक व्यापक नीति बनाने को कहा है। फैसले में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार ट्रांसजेंडर के लिए औपचारिक नीति नहीं लाती, तब तक सभी संस्थान कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन करें। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने सेवानिवृत्त दिल्ली हाईकोर्ट की जज आशा मेनन की अध्यक्षता में समिति गठित की है।

# आपात स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली दमकल विभाग अलर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दीपावली के अवसर पर दिल्ली में आगजनी की घटनाओं को रोकने व किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली दमकल विभाग ने विशेष तैयारी की है। आतिशबाजी व दीयों से रोशन इस पर्व पर आग लगने की संभावनाएं सबसे अधिक रहती हैं। ऐसे में दिल्ली में 107 जगहों पर दमकल की गाड़ियों की तैनाती रहेगी। जिससे सूचना मिलते ही जल्द दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच आग पर काबू पा सके।

दमकल विभाग के प्रवक्ता एके मलिक ने बताया कि दिल्ली के 17 प्रमुख स्थानों को चिन्हित कर बड़ी दमकल गाड़ियां तैनात की गई हैं। वहीं 24 जगहों पर क्विक रिस्पांस व्हीकल यानी छोटी दमकल गाड़ियां तैनात की गई हैं। ये छोटी गाड़ियां तंग गलियों व भीड़भाड़ वाले इलाकों जैसे पुरानी दिल्ली, सीलमपुर और अन्य सघन बस्तियों में आसानी से पहुंच सकती हैं, जिससे आग पर नियंत्रण पाने में मदद मिलती है। एके मलिक ने आगे बताया कि विभाग के पास वर्तमान में 24 क्विक रिस्पांस व्हीकल हैं। इनकी तैनाती से पहले उन इलाकों का निरीक्षण किया गया जहां गलियां संकरी हैं या आबादी घनी है।



इन वाहनों में आधुनिक अग्निशमन उपकरण लगे हैं, जो छोटे स्तर की आग को तुरंत नियंत्रित करने में सक्षम हैं। दमकल अधिकारी के अनुसार दिल्ली में कुल 66 दमकल स्टेशन हैं। जहां से दमकल की गाड़ियां चौबीसों घंटे अलर्ट पर रहेंगी। दीपावली के दौरान किसी भी कॉल पर तुरंत रिस्पांस देने के लिए दमकल विभाग ने अपने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। 19 व 20 अक्टूबर को सभी दमकल कर्मियों की छुट्टी रद्द कर ड्यूटी तय की गई है। एके मालिक ने आगे बताया कि आग की सूचना मिलने पर दिन में एक मिनट के भीतर और रात के समय दो मिनट के भीतर दमकल वाहन मौके के लिए रवाना कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा है। हर कॉल को गंभीरता से लिया जाएगा।

दमकल अधिकारी के अनुसार दीपावली के दिन आग लगने की घटनाओं में वर्ष 2024 में सबसे अधिक 318 कॉल्स आईं थी। यह आंकड़ा पिछले 12 वर्षों में सबसे ज्यादा रहा। इसके पहले 2015 में 290 कॉल्स आई थीं, जबकि सबसे कम कॉल्स 2021 में 152 दर्ज की गई थी। वर्ष 2023 में यह संख्या घटकर 208 रही थी, लेकिन 2024 में आग लगने की घटनाओं में वृद्धि दर्ज की गई है। दमकल ने नागरिकों से अपील की है कि वे ग्रीन पटाखों का ही उपयोग करें, खुले क्षेत्रों में ही आतिशबाजी करें और अपने आस-पास अग्निशमन संसाधन जैसे पानी की बाल्टी या अग्निशमन यंत्र तैयार रखें। दीपावली की खुशियां सुरक्षित रूप से मनाने के लिए दिल्ली दमकल विभाग ने हर स्तर पर चौकसी बढ़ा दी है।

## दिल्ली सरकार का यह निर्णय उच्च शिक्षण संस्थानों की अकादमिक स्थिति के सुदृढ़ीकरण की दिशा में सार्थक कदम : अभाविप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शनिवार-रविवार को होने वाले मशहूर अमेरिकी रैपर ट्रैविस स्कॉट के लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट 'सर्कस मैक्सिमस वर्ल्ड टूर' के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। कार्यक्रम के दौरान रोजाना करीब 50 से 60 हजार लोगों की भीड़ जुटने की संभावना है। कॉन्सर्ट दोनों दिन शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक होगा। पुलिस ने ट्रैफिक जाम और अव्यवस्था से बचने के लिए स्टेडियम के आसपास कड़े इंतजाम और डायवर्जन प्लान लागू किया है।

पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दर्शकों के प्रवेश के लिए स्टेडियम के गेट नंबर 2, 6, 8, 13, 14 और 21 निर्धारित किए गए हैं। गेट नंबर 1 और 10 सिर्फ आपातकालीन स्थिति के लिए आरक्षित रहेंगे। वाहनों की पार्किंग के लिए दो स्थान तय किए गए हैं। इनमें सेवा नगर बस डिपो और सुनहरी पुल्ला बस डिपो शामिल है। दोनों जगहों पर पार्किंग व्यवस्था आयोजकों की ओर से की गई है। ट्रैफिक पुलिस ने अपील की है कि दर्शक सड़क किनारे या प्रतिबंधित स्थानों पर गाड़ियां खड़ी न करें।

**ट्रैफिक डायवर्जन और प्रतिबंधः** कॉन्सर्ट के दौरान शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक निम्न स्थानों पर ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा - जेएलएन रेड लाइटः बीपी मार्ग से आने वाले वाहन मेहरचंद मार्केट की ओर मोड़े जाएंगे।

-सेवा नगर बस डिपो रेड लाइटः गुरजर चौक की ओर से जेएलएन सर्विस रोड पर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। -5वीं एवेन्यू रोडः इस मार्ग से आने वाले वाहनों को यू-टर्न लेना होगा।

-प्रगति विहार रेड लाइटः लोधी रोड से आगे जाने की अनुमति नहीं होगी।

# कांग्रेस ने डीटीसी बसों की कमी पर जताई चिंता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार जनता की मूलभूत जरुरतों को पूरा करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो गई है। उन्होंने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि त्योहारों के सीजन विशेषकर दिवाली और छठ पर्व पर जब लोगों को डीटीसी बसों की ज्यादा जरुरत है, घंटो इंतजार में खड़ा होना पड़ रहा है। देवेंद्र यादव ने कहा कि आज राजधानी में जहां 11000 हजार डीटीसी बसों की जरूरत है, वहां डीटीसी और कलस्टर बसें मिलाने के बावजूद 5000 से कम बसें रोड पर चल रही है। यह चिंताजनक है कि प्रतिदिन 40 लाख लोग दिल्ली में डीटीसी बसों में सफर करते है, जबकि रोड़ से बसें लगातार कम हो रही है। देवेंद्र यादव ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से आम आदमी पार्टी और भाजपा सरकार लगातार डीटीसी बसें बढ़ाने का वादा कर रही है लेकिन डीटीसी बेड़े में बसें बढ़ने की बजाय लगातार कम हो रही है। इस वर्ष जनवरी से अक्टूबर 10 महीनों में डीटीसी की 2287 बसें और 553 कलस्टर बसें कुल मिलाकर 2820 बसें हटी है। दिल्लीवालों को बसों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। लक्ष्मी नगर, गीता कॉलोनी, पटपड़गंज, मयूर विहार, आईटीओ, मुडंका, मंगोलपुरी, सुल्तानपुरी, नजफगढ़, बदरपुर, दिलशाद गार्डन, मयूर विहार फेस-3, सीमापुरी, नरेला सहित दूर दराज वाले मार्गों पर लोगों भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ बसें तो घंटों इंतजार करने पर भी नहीं आ रही हैं। देवेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री बड़ी-बड़ी बातें करके अंतर्राज्यीय बसें, स्कूलों, कॉलेजों के लिए स्पेशल बसें देने की बात करके लोगों को गुमराह तो कर रही है लेकिन दिल्ली की जनता के लिए बसों के नाम छोटी देवी बसें



देकर उपलब्धि बता रही है। वर्तमान में डीटीसी की 149 सीएनजी बसें ही सेवा में रह गई हैं। 2,517 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन करता है, जिनमें से 717 बसें 9-मीटर मॉडल और 1,800 बसें 12 मीटर की शामिल हैं।

## दिल्ली सरकार और बुक माय शो के बीच हुआ समझौता, विश्वस्तरीय लाइव एंटरटेनमेंट और कॉन्सर्ट्स का केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के तत्वावधान में एक होटल में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली पर्यटन और बुक माय शो लाइव के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा, नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र की सांसद बांसुरी स्वराज, बुकमायशो के वरिष्ठ अधिकारी, दिल्ली पुलिस, इवेंट और मनोरंजन प्रबंधन संघ (ईईएमए) के प्रतिनिधि और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यह साझेदारी दिल्ली को विश्वस्तरीय लाइव एंटरटेनमेंट और कॉन्सर्ट्स का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस अवसर पर कपिल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कॉन्सर्ट इकोनॉमी और लाइव एंटरटेनमेंट का दूरदर्शी विजन प्रस्तुत किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बदलाव को अकेले कोई सरकार नहीं ला सकती, इसमें इंडस्ट्री का सहयोग आवश्यक है। आज जो एमओयू साइन हुआ है, वह इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दिल्ली पर्यटन और बुकमायशो के बीच हुआ यह समझौता राजधानी को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी




सांस्कृतिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आने वाले महीनों में दिल्ली में 30 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना है, जो 'विकसित भारत 2047' के सांस्कृतिक विज़न को साकार करेंगे। कपिल मिश्रा ने कहा कि अगले दो वित्तीय वर्षों में दिल्ली की अर्थव्यवस्था में केवल लाइव एंटरटेनमेंट और कॉन्सर्ट इकोनॉमी से कम से कम 3,000 करोड़ रुपये का नया योगदान जोड़ने का लक्ष्य है। इसके लिए नीति सुधार, पर्यावरणीय अनुमतियों, सिंगल विडो और वीआईपी कल्चर को खत्म करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली केवल राजनीतिक राजधानी नहीं है, बल्कि यह भारत की संस्कृति, सभ्यता और इतिहास का केंद्र भी है।

# वोकल फॉर लोकल से पूरा होगा विकसित दिल्ली का लक्ष्य : रविंद्र इंद्राज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने उत्तम नगर स्थित कुम्हार कॉलोनी में मिट्टी की कला से जुड़े कारीगरों एवं कुम्हार भाइयों से संवाद किया और स्थानीय दुकानदारों से खरीदारी भी की। उन्होंने कहा कि विकसित दिल्ली का लक्ष्य वोकल फॉर लोकल से ही पूरा होगा। संवाद के दौरान उत्तम नगर से विधायक पवन शर्मा भी मौजूद रहे।

रविंद्र इंद्राज ने स्थानीय दुकानदारों से मिट्टी के दीपक, बर्तन और सजावटी वस्तुएं खरीदकर 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को प्रोत्साहित किया। उन्होंने ऑनलाइन भुगतान कर स्थानीय दुकानदारों से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान से देश में स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय उद्योगों को नई पहचान मिली है।मंत्री ने कारीगरों की परंपरागत कला, परिश्रम और सृजनशीलता की सराहना की और दिल्लीवासियों से भी स्थानीय



कलाकारों और कारीगरों से खरीदारी करने का आग्रह किया ताकि इस दीवाली पर उनकी मेहनत और हुनर का सम्मान हो। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्रयासों से समाज की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, स्वदेशी उद्योगों और 'मेक इन इंडिया' को भी नई पहचान मिलेगी और विकसित दिल्ली का लक्ष्य भी पूरा होगा। इस अवसर पर मंत्री ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से प्रजापति समाज को शुभकामनाएं दीं और कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली सरकार हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। रविंद्र इंद्राज सिंह ने बताया कि सरकार प्रजापति समाज की मांग पर माटी कला बोर्ड के गठन पर भी विचार कर रही है, ताकि कुम्हार समाज के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कारीगरी केवल व्यवसाय नहीं, भारत की सांस्कृतिक पहचान भी है। हर शुभ कार्य को हम दीपक जलाकर ही शुरू करते हैं, कुम्हार समाज के लोग सृजनकर्ता हैं, यह उनका गौरव है। मंत्री ने कहा कि मिट्टी से सोना और भगवान बनाने वाले प्रजापति समाज को पूर्ववर्ती सरकारों में सिर्फ उपेक्षा का सामना करना पड़ा, दिल्ली सरकार अब तकनीकी सहयोग और आवश्यक प्रोत्साहन के जरिए उनके समग्र विकास में सहयोग करेगी।

## वंदे भारत एक्सप्रेस में पैंट्री कर्मियों में मारपीट, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के दो पैंट्री सहायकों के बीच विवाद और मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। जानकारी के अनुसार, यह घटना ट्रेन के अंदर हुई थी, जब दोनों पैंट्री कर्मियों के बीच पानी के बॉक्स को ट्रेन के अंदर रखने को लेकर कहासुनी हो गई। मामूली बहस देखते ही देखते झगड़े में बदल गई और दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई। हालांकि उस समय किसी भी पक्ष ने औपचारिक शिकायत नहीं दी थी और मामला आपसी समझौते के तहत लिखित रूप से निपटा लिया गया था। रेलवे के पुलिस उपायुक्त केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद रेलवे पुलिस ने स्वतः संज्ञान लिया। वीडियो में दोनों व्यक्तियों को हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर आपस में झगड़ते हुए देखा गया। पुलिस ने

> **रेलवे के पुलिस उपायुक्त केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद रेलवे पुलिस ने स्वतः संज्ञान लिया।**

बताया कि यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 194(2) के तहत दंगा व उपद्रव से संबंधित है। इस संबंध में थाना हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रेन में तैनात पैंट्री स्टाफ से पूछताछ की जा रही है।

# एमसीडी के नेता सदन ने मुकुंदपुर वार्ड में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा, अतिक्रमण हटाने के निर्देश



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के नेता सदन प्रवेश वाही ने सिविल लाइंस जोन के मुकुंदपुर वार्ड में सफाई व्यवस्था और गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स (जीवीपी) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खुले में बिखरे कचरे को तत्काल हटाने, अतिक्रमण मुक्त करने और सफाई अभियान को तेज करने के निर्देश जारी किए।

प्रवेश वाही ने मुकुंदपुर मार्केट इलाके में सफाई सुधारने पर जोर देते हुए कूड़ा उठाने वाली एजेंसी को सही ढंग से काम करने का आदेश दिया। साथ ही, मुख्य सड़कों और औद्योगिक क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाकर यातायात जाम रोकने के निर्देश दिए। नेता सदन प्रवेश वाही ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आदेशों के तहत चल रहे स्वच्छता अभियान में मुकुंदपुर के कचरा-संवेदनशील बिंदुओं का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आगामी त्योहारों, खासकर दिवाली से पहले सभी जीवीपी को चिन्हित कर गहन सफाई सुनिश्चित की जा रही है। एमसीडी के नेता सदन ने अधिकारियों को जनता की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में दिल्ली की सफाई और व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेंगे।

यह निरीक्षण एमसीडी के व्यापक स्वच्छता ड्राइव का हिस्सा है, जो शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। निरीक्षण में जोन अध्यक्ष व क्षेत्रीय पार्षद गुलाब सिंह राठौर, उपायुक्त सिविल लाइंस जोन अंशुल सिरोही, दिल्ली सरकार के अधिकारी और निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## रुपये के लेन देन में दो युवकों को मारी गोली, मौत, एक आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** उत्तर-पूर्वी जिले के शास्त्री पार्क इलाके में हुई गोलीबारी में घायल युवक नदीम की जीटीबी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस वारदात में गुरुवार रात ही उसके मौसेरे भाई उमाम उर्फ उभम की मौके पर ही मौत हो गई थी। दोनों की मौत से कैलाश नगर इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस अधिकारी के अनुसार शास्त्री पार्क इलाके में बीती रात बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी जबकि उसका मौसी का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में नाकाबंदी कर जांच शुरू की। मामला शास्त्री पार्क चौक के पास का है। जहां देर रात करीब बारह बजे एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उमाम उर्फ उभम (25) निवासी कैलाश नगर के रूप में हुई है।

इसी बीच पुलिस को दूसरी सूचना मिली कि फल मंडी के पास एक घायल युवक पड़ा है। पुलिस ने घायल को तुरंत जेपीसी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान नदीम (27) निवासी कैलाश नगर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मृतक और घायल आपस में मौसेरे भाई थे। नदीम को भी बदमाशों ने घेर गोली मारी थी। वहीं मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने गोलीकांड में एक आरोपित को शाम गिरफ्तार किया। आरोपित की पहचान आसिफ के रूप में हुई है। वह विजय विहार लोनी का रहने वाला है। उसके कब्जे से एक सेमी-ऑटोमेटिक पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। साथ ही, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गोलीकांड का कारण पैसों के लेन-देन को लेकर हुआ विवाद था। झगड़े के दौरान आरोपित ने फायरिंग कर दी, जिससे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस के अनुसार, घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान जीटीबी अस्पताल में मौत हो गई। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर वारदात में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी हुई है।

# दिवाली प्रकाश, सद्भाव और नए आरंभ का प्रतीक, न बढ़ाएं दिल्ली का प्रदूषण : विजेंद्र गुप्ता

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिवाली हर दिल में एकता, आशा और साझा समृद्धि के प्रकाश को फिर से जगाने का त्योहार है। उन्होंने कहा कि दिवाली प्रकाश, सद्भाव और नए आरंभ का प्रतीक है। हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारी खुशियां पर्यावरण और समाज की कीमत पर न मनाई जाएं। जब पूरा शहर दीपों से जगमगा रहा है, तब हम सबकी जिम्मेदारी है कि हमारी खुशियां दिल्ली के प्रदूषण संकट को न बढ़ाएं। इस बार दीवाली पर हम उम्मीद और जागरूकता के दीये जलाएं, हरित पटाखों का उपयोग करें और पर्यावरण-मित्र तरीकों से उत्सव मनाएं ताकि हमारी खुशियां हमारे शहर के स्वास्थ्य के साथ जुड़ी रहें। यह बातें विजेंद्र गुप्ता ने 'दिवाली मंगल मिलन' कार्यक्रम में दिल्लीवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कही। विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा परिसर में दीप प्रज्वलित कर शांति, सौहार्द और सामूहिक प्रगति का संदेश दिया। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पूरा माहौल उल्लास, संगीत और उत्साह से भर गया जो दिवाली के उत्सव और सद्भाव के प्रतीक का सच्चा प्रतिबिंब था। इस अवसर पर



विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, दिल्ली कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह, सांसद सुधांशु त्रिवेदी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के उपाध्यक्ष विजय गोयल मौजूद रहे। अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिवाली केवल रोशनी का पर्व नहीं, यह आस्था, एकता और नवीकरण का प्रतीक है। यह हमें अंधकार और नकारात्मकता को दूर कर ज्ञान, करुणा और सद्भाव का प्रकाश फैलाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस अवसर पर मिलजुलकर शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए कार्य करें। गुप्ता ने आगे कहा कि दिवाली अच्छाई की बुराई पर, सत्य की असत्य पर विजय का प्रतीक है। यह पर्व प्रत्येक घर में प्रसन्नता, स्वास्थ्य और समृद्धि लेकर आए। दीपों की यह लौ हमें यह भी याद दिलाती है कि दिल्ली को एक सामंजस्यपूर्ण और समृद्ध नगर बनाने की हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। गुप्ता ने कहा कि दिवाली हमें यह भी याद दिलाती है कि हमें सामूहिक रूप से एक स्वच्छ, हरित और सतत् दिल्ली के निर्माण के लिए कार्य करना चाहिए।

# ऋषि सुनक ने दिल्ली के बंगाली मार्केट में ससुराल वालों के साथ मिठाई का आनंद लिया

एजेंसी

**नई दिल्ली** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ससुराल वालों के साथ मध्य दिल्ली के बंगाली मार्केट स्थित एक रेस्टोरेंट में स्थानीय व्यंजनों का आनंद लिया।दुकान मालिक ने बताया कि इस वीआईपी उपस्थिति ने इस उच्चस्तरीय व्यापारिक जिले में खरीदारों और भोजन करने वालों का ध्यान आकर्षित किया। %एनडीटीवी वर्ल्ड समिट- 2025% में सुनक ने कहा कि मैंने बंगाली स्वीट्स में कुछ मिठाइयां खाईं। उन्होंने अपनी सास सुधा मूर्ति, जो राज्यसभा सदस्य हैं और दिल्ली के लोकप्रिय स्थानों से परिचित हैं, को अपने परिवार के साथ घूमने के लिए इस रेस्टोरेंट का सुझाव देने का श्रेय दिया। बंगाली मार्केट में अपने ससुराल वालों के साथ समय बिताते हुए, सुनक को अन्य ग्राहकों और बंगाली स्वीट हाउस के मालिक से शुभकामनाएं स्वीकार करते देखा गया। सुनक रेस्टोरेंट की मेज पर एक कुर्सी पर बैठे थे, सामने उनके ससुर एनआर नारायण मूर्ति, इन्फोसिस के संस्थापक, और बगल में उनकी सास सोफे पर बैठी थीं। उत्सुक लोग रेस्टोरेंट की बड़ी खिड़कियों से खास मेहमानों के वीडियो और तस्वीरें लेते नजर आए। सुनक और मूर्ति परिवार ने बंगाली स्वीट हाउस में खाना खाया। यह दुकान दिल्ली के मंडी हाउस के पास है, जो कला और थिएटर क्षेत्र के करीब है। यह जगह पर्यटकों और कलाकारों, खासकर नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के पूर्व छात्रों जैसे बॉलीवुड अभिनेताओं के बीच लोकप्रिय है। सुनक दिल्ली में एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2025 में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली आए हैं। इससे पहले सुनक ने कहा था कि वह अमेरिकी प्रौद्योगिकी दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट और एआई स्टार्टअप एंथ्रोपिक में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में शामिल हो गए हैं। पिछले जुलाई में आम चुनाव में हार के बाद विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पद से इस्तीफा देने वाले सुनक ब्रिटिश संसद के सदस्य बने हुए हैं। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में सुनक ने कहा कि इन पदों से प्राप्त होने वाली पूरी राशि द रिचमंड प्रोजेक्ट को दान कर दी जाएगी, जो एक चैरिटी है, जिसकी शुरुआत उन्होंने अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ मिलकर की थी।




# बैंकिंग सेक्टर में भी इस तरह बन सकते हैं लीडर

किसी भी सेक्टर में या किसी भी ऑफिस में, ऐसे लोग होते हैं जो दूसरों को उनका काम करने में मार्गदर्शन देते हैं। जरूरी नहीं कि हमेशा बॉस ही लीडर हो, कोई और भी लीडर हो सकता है। लीडरशिप का गुण ऑफिस में आपके व्यवहार में प्रतिबिंबित हो ही जाता है। बैंकिंग सेक्टर में भी हर ब्रांच में एक लीडर की जरूरत होती है और बैंक ऑफिसर्स की भर्ती करने वाले इंटरव्यू पैनल ऐसे ही लीडर की तलाश में होते हैं। किसी बैंक ब्रांच में दूसरों का नेतृत्व करने के लिए कई गुणों की जरूरत होती है। कारण यह कि बैंक में किसी भी दिन ऐसी कई स्थितियां बन सकती हैं, जिनमें संभव है कि ब्रांच मैनेजर भी न समझ पाए कि क्या किया जाना चाहिए। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि ब्रांच में कोई तो हो, जो रास्ता दिखा सके। एक बैंकर को अच्छा लीडर बनाने वाले गुण इस प्रकार हैं –

**जरूरी नहीं कि हमेशा बॉस ही लीडर हो, कोई और भी लीडर हो सकता है। लीडरशिप का गुण ऑफिस में आपके व्यवहार में प्रतिबिंबित हो ही जाता है। बैंकिंग सेक्टर में भी हर ब्रांच में एक लीडर की जरूरत होती है और बैंक ऑफिसर्स की भर्ती करने वाले इंटरव्यू पैनल ऐसे ही लीडर की तलाश में होते हैं। किसी बैंक ब्रांच में दूसरों का नेतृत्व करने के लिए कई गुणों की जरूरत होती है।**

## त्वरित बुद्धि

यह सबसे ज्यादा जरूरी है क्योंकि जब भी पैसों संबंधी कोई समस्या उठ खड़ी होती है, तो अक्सर लोगों का दिमाग काम करना बंद कर देता है। आखिर सवाल रुपए-पैसों का जो है! ऐसी स्थिति में एक लीडर की त्वरित बुद्धि के चलते उसके समक्ष एक नहीं, अनेक उपाय उठ खड़े होंगे। तब वह उनमें से श्रेष्ठ उपाय को चुनकर लागू करेगा।

## ठंडा दिमाग

लीडरशिप के लिए यह बहुत जरूरी होता है। बैंकिंग में आपका पाला कई लोगों से पड़ेगा और सब एक जैसे नहीं होंगे। ऐसे भी लोग होंगे, जो बैंक में आकर आपसे या स्टाफ के किसी अन्य सदस्य से बहस करेंगे लेकिन ऐसे में आपको अपना संतुलन नहीं खोना है। याद रखें, वह व्यक्ति तो अपना काम कराकर चला जाएगा लेकिन यदि आप गरम दिमाग से दिन भर काम करेंगे, तो आपसे जरूर कोई-न-कोई गलती हो ही जाएगी! इसलिए लीडर के लिए हर हाल में शांत बने रहना जरूरी है। वैसे भी ग्राहक तो ग्राहक होता है और बैंक कर्मचारी के तौर पर आपका काम उसकी सेवा करना ही है।

## लचीलापन

लीडर होने का यह मतलब नहीं कि आप अपनी मर्जी से लोगों को हांक लेंगे। यह संभव नहीं कि किसी के पास हर समस्या का समाधान हो। हो सकता है कि आपके पास किसी समस्या का समाधान न हो लेकिन किसी और के पास यह होगा। आपको उस शख्स की मदद लेनी होगी ताकि काम हो सके। एक सच्चा लीडर इतना लचीलापन हमेशा रखता है।

## अच्छे संबंध रखें

बैंकिंग में यह बहुत जरूरी है क्योंकि बैंकिंग का व्यवसाय मूल रूप से विश्वास पर ही टिका होता है। आपको ब्रांच के हर कर्मचारी तथा ग्राहक के साथ अच्छे संबंध बनाकर रखने होते हैं। इससे ब्रांच में माहौल सकारात्मक बना रहता है।

## दूसरों का सहारा बनें

गलती हर किसी से होती है और बैंकिंग में होने वाली गलती पैसे से जुड़ी ही होगी। बैंकर के रूप में, आपको जरूरत के समय अपने साथियों का साथ देना चाहिए। इससे उनकी नजरों में आप सच्चे लीडर होंगे।

## लगन व परिश्रम

लीडर होने का मतलब है दूसरों के लिए मिसाल पेश करना और लगनशील व परिश्रमी होने की मिसाल से बेहतर क्या हो सकता है? जब साथी आपको मेहनत कर परिणाम प्राप्त करते देखेंगे, तो वे भी ऐसा ही करने को प्रेरित होंगे।

## औरों से दो कदम आगे रहें

बैंकिंग जैसे प्रतिस्पधी क्षेत्र में यह बहुत जरूरी है कि लीडर अपनी सोच और अपने व्यवहार में दूसरों से हमेशा दो कदम आगे रहे। तभी तो वह अपने संस्थान को आगे ले जा पाएगा।





# फोटोग्राफी की इन शाखाओं में बना सकते हैं शानदार करियर

फोटोग्राफी अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। इस बात को ऐसे भी समझा जा सकता है कि किसी बात को कहने में जहां हजार शब्दों की जरूरत पड़ सकती है, वहीं एक फोटो हजार शब्दों को बयां कर देता है। फोटोग्राफी में करियर बनाने के लिए इस फील्ड में अनुभव के साथ इसका शौक होना भी बहुत जरूरी है। यह क्षेत्र न सिर्फ अच्छा पैसा देता है, बल्कि ग्लैमर से भी जुड़ा हुआ है।

## क्या आपमें है धैर्य?

इस क्षेत्र में सफल होने के लिए एक मूलमंत्र है धैर्य। अच्छे क्लिक के लिए धैर्य की बहुत जरूरत होती है। फिर चाहे आप किसी भी माहौल में काम कर रहे हों। तनावपूर्ण माहौल हो या भीड़ भरे इलाके, फोटोग्राफर को अच्छा परिणाम देने में सक्षम होना पड़ता है। फोटोग्राफर और सिनेमेटोग्राफर के लिए अपनी आंखों का सही इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। उसके लिए उसका कैमरा ही उसकी आंखें है। इसके अलावा, फीलांस फोटोग्राफर या व्यवसायिक फोटोग्राफरों के पास तकनीकी कौशल के साथ व्यापारिक समझ भी होनी चाहिए। तकनीकी पहलू लाइटिंग, लैंस, रिफ्लेक्टर, फिल्टर और सेटिंग्स जैसी तकनीकों का इस्तेमाल करके ही फोटोग्राफर किसी पिक्चर को कैप्चर करते हैं। इसी के साथ अच्छी फोटो खींचने के लिए कई चीजों के समायोजन की जरूरत होती है, जैसे कैमरे की क्वॉलिटी, सब्जेक्ट, लाइटिंग, फोटोग्राफर का कौशल आदि। डिजिटल कैमरों में इलेक्ट्रॉनिक मेमरी का इस्तेमाल किया जाता है। इन तकनीकों की जानकारी होना आज के समय में जरूरी है।

## फोटोग्राफी की शाखाएं

फोटोग्राफी की कुछ खास शाखाएं हैं, जिनमें आप अपना करियर बना सकते हैं। ये इस प्रकार हैं –

**विज्ञापन/ फैशन** – विज्ञापनों और विज्ञापन एजेंसियों के कार्य के लिए कुशल फोटोग्राफरों की जरूरत होती है। फैशन फोटोग्राफी काफी हद तक एडवर्टाइजिंग फोटोग्राफी के समान ही होती है लेकिन इसमें तकनीक से ज्यादा परिधानों को उजागर करने की क्षमता जरूरी होती है।

**कला/ फिल्म** – आजकल किसी भी फिल्म की मेकिंग से लेकर उसके प्रदर्शन तक सारी गतिविधियां कैमरे में कैद की जाती हैं। इसके लिए हाई क्वॉलिटी और हाई रिजॉल्यूशन फोटोग्राफी का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाता है।

**साइंस/ मेडिकल/ तकनीक** – इन क्षेत्रों में कार्यरत फोटोग्राफर कला से ज्यादा महत्व वस्तुपरक दृष्टिकोण को देते हैं, जिससे तथ्य को समझने में आसानी हो सके। फॉरेन्सिक लैब हो या वारदात का स्थान, सभी जगह कई एंगलों से फोटो खींचने होते हैं।

**फोटो जर्नलिज्म** – अगर आप फोटो जर्नलिस्ट हैं, तो तुरंत घटनास्थल तक पहुंचने के साथ ही सबसे पहले प्रेस या स्टूडियो तक जानकारी पहुंचाने की जिम्मेदारी आपको ही निभानी होती है। फोटो जर्नलिज्म में फोटो की श्रृंखलाओं के माध्यम से किसी विषय या घटना के बारे में स्टोरी फाइल की जाती है। आज के डिजिटल दौर में विश्व की प्रमुख घटनाओं को फोटो के माध्यम से कवर करने का रुझान तेजी से बढ़ा है।

## कैसे करें शुरूआत?

बारहवीं या ग्रेजुएशन के बाद इस फील्ड में प्रवेश लिया जा सकता है। इस कोर्स को सरकारी या निजी स्तर पर कई संस्थान कराते हैं। कोर्स करने से पहले बेसिक फोटोग्राफी का ज्ञान हासिल कर लेना अच्छा रहता है। बेहतर होगा कि एक डिजिटल कैमरा लेकर इसकी शुरूआत कर दी जाए। जब आपको लगे कि आप इस कोर्स के लिए पूरी तरह तैयार हैं, तो फिर डिजिटल एसएलआर खरीदकर प्रोफेशनली इससे जुड़ जाएं।

## प्रशिक्षण भी अहम

फोटोग्राफी के प्रशिक्षण के लिए किसी अच्छे संस्थान से फाइन आर्ट्स या मास कम्युनिकेशन कोर्स करके अच्छा ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। वहीं मोशन फोटोग्राफी का प्रशिक्षण फिल्म एवं टेलीविजन संस्थानों द्वारा दिया जाता है। सबसे पहले किसी अच्छे संस्थान में प्रवेश लेना जरूरी है। इनमें फोटोग्राफी कला का अध्ययन कराया जाता है। इससे आपको मूलभूत जानकारी प्राप्त हो सकेगी। जब आपको लगे कि आप पर्याप्त सक्षम हो गए हैं, तो किसी एक्सपर्ट फोटोग्राफर के साथ काम कर बारीक चीजों को भी सीख सकते हैं। फिर उच्च शिक्षण संस्थान की ओर रुख कर सकते हैं। यदि यह तरीका न भाए, तो दूसरे तरीके से फाइन आर्ट्स, विजुअल आर्ट्स, मास कम्युनिकेशन, जर्नलिज्म जैसे कोर्स में प्रवेश लें। इसमें आपको फोटोग्राफी मुख्य कोर्स के तौर पर पढ़ाई जाएगी। ध्यान रहे, प्रशिक्षण आपको तकनीकी पहलुओं की जानकारी दे सकता है लेकिन नए विचार और व्यक्तिगत स्टाइल तो स्वयं ही विकसित करनी होती है। व्यवहारिक ज्ञान यहां सबसे जरूरी होता है।



# इन टिप्स को अपनाकर बन सकते हैं एक अच्छा मैनेजर

**किसी भी संस्थान में एक मैनेजर की अहम भूमिका होती है। अगर आप भी अपने करियर में आगे बढ़ते हुए इस पद पर पहुंच गए हैं या पहुंचना चाहते हैं तो आपको अपने कार्यक्षेत्र के अलावा और भी चीजों पर ध्यान देना होगा। आपको अपनी सॉफ्ट स्किल्स की असली परीक्षा यही देनी होती है। एक लीडर के रूप में आप सभी सफल हो सकते हैं जब आपके कर्मचारी आपके साथ खुश, प्रेरित और उत्साहित महसूस करें।**

## कर्मचारियों को प्रेरित करना

अगर आप अपनी टीम का सम्मान करेंगे तो वे आपका सम्मान करेंगे। आपको उनकी हर छोटी-बड़ी चीजों का एप्रिशियेट करना होगा। उनसे अपने काम की ही फीडबैक न लेते रहें, बल्कि उनकी व्यक्तिगत समस्याओं को शेयर करने के लिए भी प्रोत्साहित करें।

## फील गुड कराएं

कर्मचारियों से केवल काम लेना है, ऐसी सोच आपके अच्छे मैनेजर बनने का गुण नहीं है। एक सफल मैनेजर में अपने कर्मचारियों की अच्छी बातों और क्षमताओं को पहचाने की समझ होती है। उनका मनोबल बढ़ाने के साथ उन्हें ऐसा माहौल दें कि वे बेहिचक काम कर सकें।

## पीठ पीछे भी प्रशंसा

आपको उनके काम, व्यवहार, उदारता की तारीफ उनके सामने तो करनी ही चाहिए। साथ ही आपको उनके पीठ पीछे भी तारीफ करना चाहिए। एक कर्मचारी जो जानता है कि उसकी कितनी प्रशंसा की जाती है तो वह ज्यादा मेहनत करेगा, अपने काम में ज्यादा आनंद लेगा और इस मानसिक खुशी को वह दूसरे कर्मचारियों के साथ बांटेगा।

## जिम्मेदारी सौंपे

आप एक मैनेजर है क्योंकि आप अपने काम में एक्सपर्ट है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आपको सारा काम खुद करना है। आपको यह समझ होनी चाहिए कि कौन सा काम, कौन सा कर्मचारी बखूबी पूरा कर सकता है। आपको अपने कर्मचारी को सीखने और नए अवसर देने की कोशिश करनी चाहिए। धीरे-धीरे जैसे आप उनकी सक्षमता और कमजोरियों को समझने लगें उन्हें ज्यादा जिम्मेदारी के काम सौंपें।





# मैथ्स में है रूचि तो इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर

गणित मनुष्य के ज्ञान की एक अत्यधिक उपयोगी तथा आकर्षक शाखा है। इसमें अध्ययन के कई विषय शामिल हैं। भारत में प्राचीन काल से ही गणित की एक सुदृढ़ परंपरा रही है और आज भी यहां गणित में विश्व स्तर के अनुसंधान करने वाले अनेक संस्थान हैं। गणनाओं में रुचि रखने वाले युवा बड़ी संख्या में गणित को करियर के रूप में चुनते हैं। गणित लगभग सभी वैज्ञानिक अध्ययनों का एक अनिवार्य अंग है। वैज्ञानिक गणित का उपयोग प्रयोगों की रूपरेखा बनाने, सूचना का विश्लेषण करने, गणित के सिद्धांतों द्वारा अपने निष्कर्ष उचित रूप में व्यक्त करने तथा इन निष्कर्षों के आधार पर सटीक भविष्यवाणी करने के लिए करते हैं। खगोल विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान जैसे विषय तो गणित पर ही निर्भर हैं। सामाजिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, इंजीनियरिंग आदि भी गणित की ही शाखाओं पर निर्भर होते हैं।

भारत में 135 से भी अधिक विश्वविद्यालय गणित से जुड़े कोर्स चलाते हैं। कुछ विश्वविद्यालय शुद्ध गणित (प्योर मैथमेटिक्स) व अनुप्रयुक्त गणित (अप्लायड मैथमेटिक्स) में विशेषज्ञता प्रदान करते हैं। आप कुछ स्थानों पर चलाए जाने वाले एकीकृत एमएससी पीएचडी डिग्री कोर्स के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। यूं देश में स्नातक स्तर पर गणित की शिक्षा देने वाले दो विश्व स्तरीय संस्थान हैं भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई), बेंगलुरू तथा चेन्नाई गणित संस्थान (सीएमआई), चेन्नाई। आईएसआई से गणित व कम्प्यूटर विज्ञान में बी. मैथ्स डिग्री तथा सीएमआई से गणित की बीएससी डिग्री की जा सकती है। इनमें प्रवेश प्रत्येक वर्ष मई के अंत में देश के विभिन्ना केंद्रों पर आयोजित की जाने वाली एक लिखित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दिया जाता है। ये दोनों संस्थान ऐसे विद्यार्थियों को भी अपने यहां प्रवेश देते हैं, जो इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलिंपियाड (आईएनएमओ) में पास होते हैं या किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना (केवीपीवाई) अध्येता होते हैं। गणित में विशेषज्ञतापूर्ण कोर्स चलाने वाले देश के अन्य प्रमुख संस्थान इस प्रकार है –

- औद्योगिक गणित में पाठ्यक्रम पुणे विश्वविद्यालय, पुणे में उपलब्ध है।
- न्यूमेरिकल मैथमेटिक्स पाठ्यक्रम मदुरै कामराज विश्वविलाय, मदुरै में उपलब्ध है।
- गणितीय अर्थशास्त्र में पाठ्यक्रम देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर में उपलब्ध है।
- इसके अलावा एमएससी व पीएचडी कोर्स के लिए देश के प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं –
- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर), मुंबई। लिखित परीक्षा तथा उसके बाद साक्षात्कार के माध्यम से इस संस्थान के पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाता है।
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर), पुणे/ मोहाली/ कोलकाता/ तिरुवनंतपुरम/ भोपाल तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआईएसईआर), भुवनेश्वर में भी गणित में एकीकृत एमएससी डिग्री कोर्स उपलब्ध है। आईआईएसईआर विद्यार्थियों को आईआईटी प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश देता है, जबकि एनआईएसईआर नेशनल एंट्रेंस स्क्रीनिंग टेस्ट (एनईएसटी) के माध्यम से प्रवेश देता है।
- हैदराबाद विश्वविलाय द्वारा गणित में एकीकृत एमएससी पाठ्यक्रम चलाया जाता है। यह विश्वविद्यालय जून के आरंभ में आयोजित की जाने वाली लिखित परीक्षा के माध्यम से प्रवेश देता है।

## विषय एक संभावनाएं अनेक

गणित तथा इससे जुड़े प्रमुख करियर इस प्रकार हैं

### गणितज्ञ

गणितज्ञों को गणित का अध्ययन अथवा अनुसंधान करना होता है। वे गणित के अनसुलझे रहस्यों को उजागर करने का प्रयास करते हैं।

### शिक्षण

गणित के शिक्षकों की मांग कल भी थी, आज भी है और भविष्य में भी रहेगी। गणित पूरी स्कूली शिक्षा में एक मुख्य विषय होता है। यदि आपमें संख्याओं के प्रति गहरा आकर्षण है और विद्यार्थियों को पढ़ाने में आपकी रुचि है, तो आप शिक्षण के क्षेत्र में भी करियर बना सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले गणितज्ञों का अध्यापन तथा अनुसंधान में खास योगदान होता है।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर

भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की न केवल भारत में बल्कि विश्व भर में धूम मची हुई है। वैश्विक आईटी इंडस्ट्री भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को रोजगार देने के लिए बाहें फैलाए खड़ी है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर सॉफ्टवेयर के प्रयोग तथा उनकी प्रणाली का सृजन, परीक्षण, विश्लेषण व मूल्यांकन करने के लिए कम्प्यूटर विज्ञान और गणितीय विश्लेषण के सिद्धांतों को कार्यान्वित करते हैं।

### बैंकिंग

वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के चलते बैंक तेजी से अपनी शाखाएं बढ़ा रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र में रोजगार के हजारों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। गणित में महारथ रखने वाले युवा बैंकिंग के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर सकते हैं।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट

उदारीकरण के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था के तीव्र विकास के चलते अकाउंट्स तथा फाइनेंस के क्षेत्र में करियर ने खूब लोकप्रियता अर्जित की है। इस क्षेत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंट का एक अत्यधिक प्रतिष्ठित करियर विकल्प है। मैथ्स व कॉमर्स में रुचि रखने वाले युवा इस क्षेत्र में बढ़िया करियर बना सकते हैं।

### कम्प्यूटर सिस्टम्स एनालिस्ट

कम्प्यूटर सिस्टम्स एनालिस्ट के लिए सॉफ्टवेयर, अनुसंधान, शिक्षा, सिक्यूरिटी, बैंकिंग, अर्थशास्त्र, इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर विज्ञान, भौतिकी, तकनीकी शाखाओं आदि में रोजगार के ढेरों अवसर हैं। अधिकांश सिस्टम्स एनालिस्ट लागत-लाभ व निवेश पर मुनाफा का विश्लेषण तैयार करने के लिए विशिष्ट प्रकार की कम्प्यूटर प्रणालियों पर कार्य करते हैं और मैनेजरों को यह निर्णय लेने में सहायता करते हैं कि या प्रस्तावित टेक्नोलॉजी वित्तीय दृष्टि से कारगर होगी या नहीं।



## चीन के साथ बढ़ते व्यापार घाटे पर जयराम रमेश ने केंद्र सरकार को आगाह किया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने चीन के साथ बढ़ते व्यापार घाटे को लेकर केंद्र सरकार को आगाह किया है। रमेश ने एक्स पोस्ट में दावा किया कि अप्रैल से सितंबर 2025 के दौरान चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 54.4 अरब डॉलर हो गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 49.6 अरब डॉलर था। जयराम रमेश ने कहा कि चीन से आयात लगातार बढ़ रहा है, जिसपर सरकार को ध्यान देना चाहिए।

## सीतारमण ने बल्लारी में कर्नाटक ग्रामीण बैंक के व्यावसायिक प्रदर्शन की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कर्नाटक के बेल्लारी में कर्नाटक ग्रामीण बैंक (केएजीबी) के व्यावसायिक प्रदर्शन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने केएजीबी को अर्थव्यवस्था के उभरते क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देते हुए जमीनी स्तर पर कृषि ऋण वितरण में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की सलाह दी। सीतारमण ने सभी हितधारकों को क्षेत्र में संबद्ध कृषि गतिविधियों की क्षमता का दोहन करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी निर्देश दिया। डीएफएस सचिव एम नागराजू, नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी केवी, केनरा बैंक के कार्यकारी निदेशक और वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में वित्त मंत्री ने समीक्षा के दौरान ऋण वितरण वृद्धि, एनपीए, वित्तीय समावेशन के तहत प्रदर्शन और केएजीबी की सरकार की प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन सहित प्रमुख संकेतकों का मूल्यांकन किया। केएजीबी और केनरा बैंक को विशेष रूप से एमएसएमई और संबद्ध क्षेत्र को ऋण वितरण बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के विभागों के साथ मिलकर काम करने का निर्देश दिया गया। सीतारमण ने ग्रामीण बैंकों से आग्रह किया कि वे अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ एफपीओ की पूंजीगत ज़रूरतें विकास वित्तीय संस्थानों और सरकारी विभागों द्वारा पूरी की जाती हैं।

## निसान मैग्नाइट एएमटी सीएनजी के साथ लॉन्च, इंटीग्रेटेड फ्यूल लिड डिजाइन पेश

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया ने दिवाली से पहले भारतीय ग्राहकों को एक बड़ी खुशखबरी दी है। कंपनी ने अपनी पॉपुलर कॉम्पैक्ट एसयूवी निसान मैग्नाइट के ऑटोमैटिक (श्रृं-शिफ्ट) वेरिएंट के लिए अब सीएनजी रेट्रोफिटमेंट सुविधा शुरु कर दी है। पहले ये सुविधा सिर्फ मैनुअल वेरिएंट के लिए उपलब्ध थी, लेकिन ग्राहकों की शानदार प्रतिक्रिया को देखते हुए कंपनी ने इसे ऑटोमैटिक मॉडल के लिए भी लॉन्च कर दिया है। निसान मोटर इंडिया ने अपने सीएनजी रेट्रोफिटमेंट प्रोग्राम के विस्तार करने का ऐलान किया। जीएसटी परिषद के हालिया फैसले वस?तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर 28 से घटाकर 18 फीसदी करने के बाद कंपनी ने सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट की कीमत को घटाकर 71,999 रुपये कर दिया है। नई कीमतें 22 सितंबर से पूरे भारत में सभी अधिकृत निसान सीएनजी रेट्रोफिटमेंट सेंटर पर प्रभावी हो गई हैं। कंपनी ने कहा कि सीएनजी रेट्रोफिटमेंट सुविधा अपग्रेड के बाद भी कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की गई है। कंपनी ने कहा कि अब नई निसान मैग्नाइट BR10 श्रृं-शिफ्ट (एएमटी) के लिए सरकार से प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट की पेशकश की गई है। नई निसान मैग्नाइट क्क्र10 मैनुअल ट्रांसमिशन में रेट्रोफिटमेंट को लेकर ग्राहकों की मिली शानदार प्रतिक्रिया को देखते हुए उठाया गया है। निशान इंडिया मोटर ने कहा कि यह कदम सुगम, दक्ष और ग्राहकों को केंद्र में रखने वाले मोबिलिटी सॉल्यूशंस देने की निसान की प्रतिबद्धता की दिशा में एक और उल्लेखनीय पड़ाव है।

## यूको बैंक का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 2.82 फीसदी बढ़कर 620 करोड़ रुपये

**नई दिल0ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक ने चालू वित?त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 30 सितंबर को समाप्?त जुलाई-सितंबर तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 2.82 फीसदी बढ़कर 620 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में यूको बैंक को 603 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। यूको बैंक ने एक बयान में बताया कि 30 सितंबर को समाप्त चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में बैंक का कुल कारोबार 5.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 13.23 फीसदी अधिक है। बैंक ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान सकल अग्रिम 16.56 फीसदी बढ़कर 2.31 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि कुल जमा 10.85 फीसदी बढ़कर 3.06 लाख करोड़ रुपये रहा। यूको बैंक ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 0.62 फीसदी घटकर 2.56 फीसदी रही। यूको बैंक देश का एक प्रमुख बैंक है। इसका मुख्यालय कोलकाता में स्थित है।

# व्यापारियों की दीपावली मनेगी भव्य, 738 करोड़ जीएसटी रिफंड जारी : रेखा गुप्ता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की ओर से राजधानी के कारोबारियों की दीपावली को भव्य और वैभवपूर्ण बनाने के प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कहा कि दीपावली से पूर्व तक दिल्ली के व्यापारियों को उनका जीएसटी रिफंड लगातार दिया जा रहा है। इस मद में उन तक 738 करोड़ की राशि पहुंचा दी गई है। यह प्रक्रिया जारी है और आधुनिक तकनीक के जरिए व्यापारियों को लगातार उनका जीएसटी रिफंड निपटाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार आम जन तक भी खुशियां पहुचांने का लगातार प्रयास कर रही है। इसके तहत हम पानी के लंबित बिलों व अनधिकृत पेयजल व सीवर के कनेक्शनों पर भारी राहत दे रहे हैं, इसके लिए पेमेंट चार्ज व पेनल्टी पर 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।



हमारी सरकार की यह योजना भी आम जन के लिए दीपावली का उपहार है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि हमारी सरकार व्यापारियों का जीएसटी रिफंड करने के लिए लगातार प्रभावी प्रयास कर रही है। इसे निपटाने के लिए नई तकनीक का भी प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के परिणामस्वरूप व्यापार व कर विभाग ने अभी तक 1002 करोड़ रुपये के लंबित जीएसटी रिफंड मामलों को सफलतापूर्वक निपटा दिया गया है। इनमें से 738 करोड़ रुपये की राशि दिल्ली के व्यावसायिक संस्थानों और व्यापारियों को रिफंड के रूप में भेज दी गई है। विभाग की यह अब तक की उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिसने रिफंड प्रक्रिया को नई गति दी है। मुख्यमंत्री ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए जानकारी दी कि रिफंड निपटान प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए जीएसटी विभाग ने आईआईटी-हैदराबाद के सहयोग से एक उन्नत आईटी मॉड्यूल विकसित किया है। यह मॉड्यूल डेटा एनालिटिक्स, डेटा ऑटोमेशन और त्वरित जांच प्रक्रिया पर आधारित है, जिससे रिफंड आवेदन शीघ्रता से निपटाए जा रहे हैं। अभी तक विभाग द्वारा कुल 8259 रिफंड आवेदनों का निपटारा किया गया है, जो एक रिकॉर्ड संख्या है। इन आवेदनों में से 7409 आवेदन 10 लाख रुपये से कम के रिफंड दावों से जुड़े थे। इन छोटे दावों के शीघ्र निपटारे से दिल्ली के छोटे व्यापारियों और व्यवसायियों को बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री के मुताबिक यह प्रयास न केवल करदाताओं के विश्वास को मजबूत करता है, बल्कि दिल्ली में व्यापारिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करेगा।

## इंडिगो एयरलाइन 30 चौड़े आकार वाले ए350 विमान खरीदेगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने एयरबस के साथ 30 अतिरिक्त ए350-900 विमान खरीदने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही चौड़े आकार वाले विमानों के लिए उसके कुल ऑर्डर 60 हो गए हैं। एयरलाइन ने जारी एक बयान में कहा कि उसने एयरबस के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे एयरबस ए350-900 विमानों के उसके 70 खरीद अधिकारों में 30 को निश्चित ऑर्डर में बदलने की पुष्टि हुई है। कंपनी के मुताबिक,इंडिगो ने अपने चौड़े आकार के विमानों के ऑर्डर को अब 30 से बढ़ाकर 60 एयरबस ए350-900 विमान कर दिया है। दोनों पक्षों ने जून में इन अतिरिक्त 30 विमानों के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। इस समय इंडिगो के पास 400 से अधिक विमानों का बेड़ा है। गौरतलब है कि देश की सबसे बड़ी एयरलाइन अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का विस्तार कर रही है। उसके पास अब 40 और ए350 श्रेणी के विमानों के खरीद अधिकार हैं।




# सोलापुर में बाढ़ से 867 करोड़ रुपए का नुकसान

एजेंसी

**सोलापुर।** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में हाल ही में आई भीषण बाढ़ ने बड़े पैमाने पर जनजीवन और कृषि क्षेत्र को प्रभावित किया है। जिले में बाढ़ से हुए नुकसान का विस्तृत आकलन पूरा कर लिया गया है। प्रशासन ने 867 करोड़ रुपए के नुकसान की रिपोर्ट सरकार को भेज दी है।इस आपदा से जिले की अर्थव्यवस्था को भारी धक्का लगा है, क्योंकि अधिकांश किसान अपनी फसलें और आजीविका दोनों गंवा चुके हैं। जिला कलेक्टर कुमार आशीर्वाद ने जानकारी दी कि बाढ़ से लगभग छह लाख चार हजार हेक्टेयर कृषि भूमि प्रभावित हुई है, जिसमें विभिन्न प्रकार की फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। करीब 7.60 लाख किसान बाढ़ की चपेट में आए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से राहत पैकेज तैयार किया गया है और अगले एक-दो दिनों में किसानों के खातों में सहायता राशि जमा होनी शुरू हो जाएगी। प्रशासन का प्रयास है कि यह आर्थिक सहायता शीघ्र ही सभी पात्र किसानों तक पहुंचे ताकि वे अपने खेतों को दोबारा तैयार कर सकें और दीपावली से पहले कुछ राहत महसूस कर सकें। जिला योजना समिति की ओर से भी बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। कल से जिले के लगभग 15,000 सबसे अधिक प्रभावित



परिवारों को दीपावली के लिए राशन किट उपलब्ध कराई जाएगी। किट में अठारह प्रकार की आवश्यक वस्तुएं शामिल की गई हैं, जिनमें चावल, दाल, तेल, मसाले, चीनी, नमक और अन्य दैनिक जरूरत की चीजें होंगी। इन राहत सामग्रियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए बड़े ट्रक और छोटे टेंपो की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इन किटों का वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा ताकि हर जरूरतमंद तक यह सहायता समय पर पहुंचे। इसके अलावा, मंत्री जयकुमार गोरे ने भी दिवाली के अवसर पर एक विशेष पहल की है। उन्होंने बताया कि 15,000 बाढ़ पीड़ित परिवारों को सरकारी राहत किट के साथ कपड़ों का उपहार भी दिया जाएगा। इसमें पुरुषों के लिए शर्ट-पैंट और महिलाओं के लिए साड़ियां शामिल हैं। जिला कलेक्टर आशीर्वाद ने कहा कि यह पहल बाढ़ पीड़ितों को न केवल आर्थिक बल्कि मानसिक रूप से भी सहारा देगी।

# पीएलआई योजना के तहत एसी, एलईडी लाइट के लिए आवेदन की तिथि 10 नवंबर तक बढ़ी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एसी और एलईडी लाइट (व्हाइट गुड्स) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत आवेदन की तिथि 10 नवंबर तक बढ़ा दी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने व्हाइट गुड्स (एयर कंडीशनर और एलईडी लाइट) के लिए पीएलआई योजना के चौथे चरण के लिए आवेदन अवधि 10 नवंबर, 2025 तक बढ़ा दी है। मंत्रालय के मुताबिक पात्र आवेदक 10 नवंबर, 2025 तक व्हाइट गुड्स श्रेणी के अंतर्गत पीएलआई पोर्टल https://pliwg.dpiit.gov.in पर अपना आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। चौथे चरण के लिए आवेदन की अवधि पहले 15 सितंबर, 2025 से 14 अक्टूबर, 2025 तक थी। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि उद्योग जगत की अत्यधिक रुचि और योजना के प्रति बढ़ते निवेश रुझान को देखते हुए इसे बढ़ाया गया है। यह व्हाइट गुड्स के उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के तहत देश में एयरकंडीशनर और एलईडी लाइटों




के बढ़ते घरेलू विनिर्माण के प्रति विश्वास को दर्शाता है। इस योजना के पहले के चरणों में काफी निवेश प्रतिबद्धताएं प्राप्त हुई हैं, जिससे संपूर्ण मूल्य श्रंखला में विनिर्माण क्षमता में वृद्धि व रोजगार सृजन में योगदान मिला है। उल्लेखनीय है कि व्हाइट गुड्स के लिए अप्रैल 2021 में 6 हजार 238 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ आरंभ की गई पीएलआई योजना का उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना था। इस योजना का मकसद स्थानीय स्तर पर इसके प्रमुख घटक के उत्पादन प्रेरित करना और एयर कंडीशनर और एलईडी प्रकाश वस्तुओं के क्षेत्रों में वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत को मजबूत बनाना है।

# कृषि के क्षेत्र में मध्य प्रदेश स्थापित कर रहा नये कीर्तिमान

एजेंसी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कृषि विकास और किसान कल्याण में मध्य प्रदेश सरकार प्राण-प्रण से जुटी हुई है। उत्पादक गतिविधियों में मध्य प्रदेश नवाचार कर रहा है। सरकार किसानों के हर सुख-दुख में उनके साथ खड़ी है। प्रदेश ने कृषि क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उत्पादन में रिकॉर्ड दर्ज कर प्रदेश को अनेक अवार्ड हासिल हुए हैं। मप्र दालों के उत्पादन में देश भर में प्रथम स्थान पर, खाद्यान उत्पादन में द्वितीय स्थान पर और तिलहन उत्पादन में तृतीय स्थान पर है। प्रदेश में त्रि-फसली क्षेत्र में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। प्रदेश में नरवाई जलाने की घटनाओं में कमी (हतोत्साहित) करने के लिए प्रदेश में प्रभावी कार्यवाही की गई है। जनसम्पर्क अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा रबी 2024-25 में उपार्जित गेहूं पर 175 रुपये प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा फरवरी 2025 में लगभग 83.50 लाख से अधिक किसानों को करीब 1770 करोड़ रुपये किसान सम्मान निधि सिंगल क्लिक से अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत 81 लाख से अधिक किसानों के खातों में 1624 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक के माध्यम से जमा की गई।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में पहली बार भारत सरकार की प्राईस सर्पोट स्कीम अंतर्गत सोयाबीन का उपार्जन किया गया, जिसमें 2,12,568 कृषकों से कुल 6.22 लाख मीट्रिक टन मात्रा का उपार्जन किया गया है, जिसके न्यूनतम समर्थन मूल्य की राशि 3043.04 करोड़ है। श्रीअन्न के उत्पादन को बढावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू की है, जिसके तहत किसानों को 3900 रुपये प्रति हेक्टेयर डीबीटी के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वाईल हेल्थ कार्ड और सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि का लाभ भी मिल रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल के नुकसान का समय पर आकलन एवं राहत राशि का वितरण किसानों को मिल रहा है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नामांकन एवं दावा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, एनसीआईपी पोर्टल के साथ भूमि रिकॉर्ड को सफलता पूर्वक एकीकृत करने और पोर्टल को किसान अनुकूल बनाने के लिए मध्य प्रदेश को 'उत्कृष्टता प्रमाण पत्र' प्रदान किया गया है। नमो ड्रोन दीदी योजनांतर्गत मध्य प्रदेश में 89 दीदियों को स्वाबलंबी बनाया गया है। नमो ड्रोन से 4200 हेक्टेयर क्षेत्र में तरल उर्वरक का छिड़काव कर दीदियों ने 21.22 लाख रूपये की शुद्ध आय प्राप्त की है। वर्ष 2025-26 में 1066 दीदिओं को योजनांतर्गत लाभान्वित किया जा रहा है। [[जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि कृषकों द्वारा फसल अवशेष (पराली) जलाने से रोकने के लिये शासन द्वारा कई कदम उठाये गये है, जिसमें प्रदेश स्तर पर 46,800 से अधिक नरवाई प्रबंधन से संबंधित कृषि यंत्र अनुदान पर वितरित करते हुए 412 करोड़ रुपये की अनुदान राशि जारी की गई है।

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन रही तेजी, सेंसेक्स 485 अंक उछला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। प्रमुख बैंकों एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और विदेशी कोषों की लिवाली के दम पर लगातार तीसरे दिन बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 485 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी 25,700 के ऊपर बंद हुआ। बॉम्बे स?टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 484.53 अंक यानी 0.58 फीसदी उछलकर 83,952.19 अंक पर बंद हुआ है। कारोबार के दौरान एक समय यह 704.58 अंक बढ़कर 84,172.24 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स?टॉक एक?सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 124.55 अंक यानी 0.49 फीसदी की बढ़त के साथ 25,709.85 के स्तर पर बंद हुआ है। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एशियन पेंट्स में सबसे ज्यादा 4.18 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर बढ़त में सफल रहे। वहीं, इंफोसिस, एचसीएल टेक, इटर्नल, टेक महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयर पिछड़ने वालों में शामिल रहे। इसके अलावा एशियाई बाजारों में शामिल दक्षिण कोरिया का कोस्पी सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि यूरोप के बाजार तेजी से नीचे कारोबार कर रहे थे।



# बड़े उद्यमी कर रहे एमएसएमई नीति का दुरुपयोग, सरकार कसे शिकंजा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ईस्ट इंडिया ड्रम्स एंड बैरल्स का मामला पकड़ में आने के बाद यह सामने आया कि सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए सार्वजनिक खरीद नीति (2012) में छोटे व्यवसायों को समर्थन और प्रोत्साहन देने के लिए बनाए गए नियमों का उल्लंघन बड़े कॉरपोरेट घराने कर रहे हैं। लघु एवं सूक्ष्म उद्यमियों ने धोखाधड़ी करने वाली संस्थाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का सरकार से आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि 2012 में घोषित नीति के तहत यह प्रावधान किया गया था सभी प्रकार की सरकारी खरीद में कम से कम 25 फीसदी एमएसमई के लिए आरक्षित रखा जाए। ईस्ट इंडिया ड्रम्स एंड बैरल्स मैन्युफैक्चरिंग नामक कंपनी ने इस योजना का बेजा लाभ उठाया।




इस कंपनी ने कथित तौर पर झूठी घोषणाओं और रणनीतिक कॉरपोरेट पुनर्गठन के माध्यम से एमएसएमई योजना के तहत खूब लाभ उठाए हैं। पहले यह कंपनी एक साझेदारी फर्म के रूप में काम कर रही थी और फिर अप्रैल, 2021 में ईस्ट इंडिया ड्रम्स एंड बैरल्स मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड में परिवर्तित हो गई। इस परिवर्तन के दौरान इसने अपने कारोबार और निवेश विवरण के बारे में गलत जानकारी देकर सूक्ष्म उद्यम श्रेणी के अंतर्गत पंजीकरण करा लिया। बाद में जांच में पाया गया कि कंपनी ने जिन वर्षों के वित्तीय आंकड़े बताए थे, उन वर्षों में वह निगमित भी नहीं थी और उसने सूक्ष्म उद्यम होने के लिए जानबूझकर शून्य कारोबार दिखाया था। बैलेंस शीट के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का कुल कारोबार 228 करोड़ रुपये से अधिक था, जो स्पष्ट रूप से मध्यम उद्यम श्रेणी में आता है। एक शिकायत के बाद महाराष्ट्र सरकार के उद्योग निदेशक ने गलत जानकारी की पुष्टि करने के साथ ही इसके पंजीकरण को रद्द करने की सिफ़ारिश भी कर दी। इसके बाद कंपनी ने इसका रिवर्स विलय एक दूसरी कंपनी प्रिसिजन कंटेनर्स लिमिटेड में कर दिया। इस विलय के बाद नई कंपनी ईस्ट इंडिया ड्रम्स एंड बैरल्स मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड का गठन कर लिया गया।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का जुलाई-सितंबर तिमाही में मुनाफा 1,213 करोड़ रुपये

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 30 सितंबर को समाप्त जुलाई-सितंबर तिमाही में बैंक का मुनाफा 33 फीसदी बढ़कर 1,213 करोड़ रुपये रहा। बैंक को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में 913 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। सेंट्रल बैंक ने जारी बयान में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में उसका कुल कारोबार 14.43 प्रतिशत बढ़कर 6.45 लाख करोड़ रुपये से 7.38 लाख करोड़ रुपये हो गया। सरकारी स्वामित्व वाले बैंक के मुताबिक जुलाई-सितंबर तिमाही में कुल जमा राशि 13.40 फीसदी बढ़कर 4.44 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3.92 लाख करोड़ रुपये थी। इस दौरान सेंट्रल बैंक की सकल गैर निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) 3.01 फीसदी रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 4.59 फीसदी थी। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया भारत में सार्वजनिक क्षेत्र का प्रमुख बैंक है, जिसकी स्थापना स्वदेशी आंदोलन से प्रभावित होकर एक पारसी बैंकर सर सोराबजी पोचखानवाला ने 1911 में की थी।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.18 अरब डॉलर घटकर 697.78 अरब डॉलर

एजेंसी

**मुंबई।** अर्थव्यस्था के मोर्चे पर झटका लगने वाली खबर है। विदेशी विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार चौथे हफ्ते गिरावट आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 अक्टूबर को समाप्त हफ्ते में 2.18 अरब डॉलर घटकर 697.78 अरब डॉलर रह गया। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 27.6 करोड़ डॉलर घटकर 699.96 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी आंकड़ों में बताया कि 10 अक्टूबर को समाप्त हफ्ते में मुद्रा भंडार का अहम घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 5.60 अरब डॉलर घटकर 572.10 अरब डॉलर रह गईं। आरबीआई के मुताबिक इस दौरान देश का स्वर्ण भंडार 3.59 अरब डॉलर बढ़कर 102.36 अरब डॉलर हो गया।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 13 करोड़ डॉलर घटकर 18.684 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के मुताबिक 10 अक्टूबर को समाप्त हफ्ते में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष में भारत का आरक्षित भंडार 3.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.63 अरब डॉलर रह गया।

# दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति में सुधार के लिए कदम उठा रही है सरकार : गोयल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति में सुधार के उपायों पर काम कर रही है, जिसमें चिली और पेरू के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत, घरेलू अन्वेषण को बढ़ावा देना और रीसाइक्लिंग एवं प्रसंस्करण में स्टार्टअप्स को शामिल करना शामिल है। केंद्रीय वणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने राजधानी नई दिल्ली में एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसोचैम) के सालाना सम्मेलन और 105वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि व्यापारिक साझेदारियां संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी हों। गोयल ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि हाल के वर्षों में भारत में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि अब वह मजबूत स्थिति में बातचीत करता है, जो देश के बढ़ते आर्थिक आत्मविश्वास और मुक्त व्यापार समझौतों एवं अन्य व्यापारिक व्यवस्थाओं के प्रति भारत के दृष्टिकोण के संदर्भ में वैश्विक स्तर पर उसकी प्रतिष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने एमएसएमई को सशक्त बनाने और नवाचार एवं स्थिरता को बढ़ावा देने में एसोचैम की भूमिका पर भी जोर दिया, जो 2047 के विकासशील भारत के लिए आवश्यक है। गोयल ने कहा कि तांबा, लिथियम, निकल और कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिज इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों से लेकर लड़ाकू विमान तक कई उद्योगों के लिए जरूरी कच्चा माल हैं। ये खनिज तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरी विनिर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। चिली, पेरू और ऑस्ट्रेलिया में इन खनिजों के भंडार मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि भारत का ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौता लागू हो चुका है। दक्षिण अमेरिकी देशों चिली एवं पेरू के साथ भी बातचीत जारी है। भारतीय टीम अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए इन देशों का दौरा कर रही है। उन?होंने कहा कि चिली एवं पेरू जैसे दक्षिण अमेरिकी देशों के साथ व्यापार समझौते की कोशिशों के पीछे दुर्लभ खनिजों की अहम भूमिका है। वाणिज?य मंत्री ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मॉरीशस, ईएफटीए समूह और ऑस्ट्रेलिया के साथ किए गए एफटीए भारत के निर्यात को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार 10,000 करोड़ रुपये की 'कोषों का कोष' योजना के लिए दिशा-निर्देश तैयार कर रही है, जो स्टार्टअप फर्मों के लिए लंबी अवधि की वित्तीय सहायता पर केंद्रित है। गोयल ने कहा कि भारत घरेलू खोज बढ़ाने, अवशिष्ट से खनिज निकालने वाले स्टार्टअप और देश में प्रसंस्करण सुविधाओं के निर्माण पर भी विचार कर रहा है। वाणिज?य मंत्री ने उद्योग को आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने की सलाह देते हुए कहा, ÷हमें अपने आपूर्ति शृंखलाओं का मूल्यांकन करना चाहिए कि क्या वे किसी एक देश पर अधिक निर्भर हैं। यदि निर्भर हैं, तो हम कमजोर हो सकते हैं, खासकर उस समय जब व्यापार को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।÷ उनका इशारा चीन की तरफ था जिसने दुर्लभ खनिज तत्वों के निर्यात पर बंदिशें लगा दी हैं, जिससे दुनिया भर में इन खनिजों की आपूर्ति बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि यह रणनीतिक दृष्टिकोण भारत को अपने घरेलू उद्योगों की सुरक्षा करने, निर्यात को बढ़ावा देने और निवेश एवं प्रौद्योगिकी सहयोग के अवसर पैदा करने में सक्षम बनाता है, साथ ही ऐसे समझौतों से बचने में भी मदद करता है जो भारत की कीमत पर दूसरे पक्ष को अत्यधिक लाभ पहुंचा सकते हैं। मंत्री ने बताया कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 700 अरब अमेरिकी डॉलर के साथ मज़बूत बना हुआ है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की मज़बूत बुनियाद को दर्शाता है।

देश का दर्पण न्यूज प्राइवेट लिमिटेड 14 नंबर वीकेआई सीकर रोड जयपुर राजस्थान मोबाइल नंबर 701499 7449/ 7878970109 deshkadarpannews.@gmail.com website - www.deshkadarpannews.co/www.deshkadarpannews.com